देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon

दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
वर्ष-5, अंक: 184
जयपुर गुरुवार ,15 जनवरी 2026
मूल्य : 5.00 पेज:

# तमिल संस्कृति साझी विरासत: पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने केंद्रीय राज्यमंत्री के घर पोंगल मनाया:बोले- पोंगल प्रकृति-परिवार के साथ संतुलन बनाता है





**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुए। पीएम ने पूजा की। उन्होंने गाय को भी भोजन खिलाया। पीएम ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। तमिल संस्कृति सदियों को जोड़ती है। आज पोंगल एक ग्लोबल त्योहार बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में तमिल समुदाय और जो लोग तमिल संस्कृति को पसंद करते हैं। पोंगल को बहुत उत्साह से मनाते हैं और मुझे उनमें से एक होने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। तमिल संस्कृति में पोंगल बहुत खुशी का मौका होता है। यह हमारे किसानों की कड़ी मेहनत का जश्न मनाता है। इसलिए हमारा लक्ष्य ये होना चाहिए कि हमारी थाली भी भरी रहे, हमारी जेब भी भरी रहे और हमारी धरती भी सुरक्षित रहे। बीते एक साल में तमिल संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, जो बेहद सुखद अनुभव रहा। गंगईकोंड चोलपुरम के 1000 साल पुराने मंदिर में दर्शन का सौभाग्य मिला। काशी तमिल संगमम (वाराणसी) में तमिल संस्कृति की जीवंत परंपराओं को करीब से देखा। रामेश्वरम में पंबन ब्रिज के उद्घाटन के दौरान तमिल विरासत की समृद्धि और महानता का अनुभव हुआ। पोंगल हमें सिखाता है कि कृतज्ञता सिर्फ शब्दों तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन का हिस्सा बने। धरती हमें जो देती है, उसकी रक्षा और सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। मिट्टी की सेहत, जल संरक्षण और संसाधनों का संतुलित उपयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी है। एक पेड़ मां के नाम और अमृत सरोवर जैसे अभियान इसी भावना को आगे बढ़ाते हैं। तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। यह संस्कृति इतिहास से सीख लेकर भविष्य का मार्ग दिखाती है।
पोंगल तमिल समुदाय का प्रमुख फसल उत्सव है। यह पर्व सूर्य देव, प्रकृति, पशु और किसानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है।

### हर वैश्विक मंचों पर तमिल भाषा को मिला सम्मान

पिछले 11 वर्षों में जैसी संवेदनशीलता तमिल भाषा के प्रति, तमिल संस्कृति के प्रति प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई है, ऐसा आज से पहले कभी नहीं हुआ। हमारे इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जब तमिल भाषा, तमिल सम्मान और तमिल अस्मिता की संवेदनशीलता भारत के सीमाओं के अंदर ही नहीं, बल्कि हर वैश्विक मंचों पर सम्मान एवं संवेदनशीलता के साथ मोदी ने तमिल अस्मिता का प्रतिनिधित्व मजबूती से किया।

### पोंगल क्या होता है?

पोंगल तमिल समुदाय का प्रमुख फसल उत्सव है। यह पर्व सूर्य देव, प्रकृति, पशु और किसानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। यह हर साल 14-17 जनवरी के बीच मकर संक्रांति के आसपास मनाया जाता है। इसे मुख्य दिनों में भोगी पोंगल, सूर्य पोंगल, मट्टू पोंगल और कानूम पोंगल होते हैं। पोंगल के दौरान मुख्य रूप से नए चावल से पारंपरिक व्यंजन पकाए जाते हैं। इनमें सक्कराई पोंगल (मीठा) और वें पोंगल (नमकीन) शामिल होते हैं। इनके साथ नारियल चटनी, सांभर, वड़ा, पायसम, केला और मौसमी फल परोसे जाते हैं। मीठी और नमकीन को परंपरा के मुताबिक खुली जगह में मिट्टी के बर्तन में पकाया जाता है। दूध-चावल के उफनने को समृद्धि का शुभ संकेत माना जाता है।

## तमिल अस्मिता: नकारात्मक राजनीति कर रहे राहुल गांधी: भाजपा



**नई दिल्ली**
तमिलनाडु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कड़ा ऐतराज जताया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बार-बार ऐसे बयान देते हैं जो समाज को बांटने और क्षेत्रीय पहचान को लेकर भ्रम फैलाने वाले हैं। राहुल गांधी तमिल अस्मिता के नाम पर नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा, "राहुल गांधी तमिलनाडु की राजनीतिक यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने बेहद ही शर्मनाक और पीड़ादायक बयान दिया, जिसका वास्तविकता से, तर्कों से और तथ्यों से कोई संबंध नहीं है। वहां राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तमिल आवाज को दबाने का काम करते हैं।"

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने की टीएमसी की याचिका निस्तारित



**कोलकाता**
पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें पार्टी की ओर से गोपनीय राजनीतिक डेटा की सुरक्षा की मांग की थी।

**कोर्ट ने किया टीएमसी की याचिका का निपटारा**
कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को टीएमसी की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें उसने अपने डेटा की सुरक्षा की मांग की थी। ईडी ने सूचित किया है कि उसने पिछले सप्ताह (08 जनवरी) की छापेमारी के दौरान आई-पैक डायरेक्टर प्रतीक जैन के कार्यालय और घर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। टीएमसी ने अदालत में याचिका दायर कर 8 जनवरी को इन दोनों परिसरों पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए व्यक्तिगत और राजनीतिक डेटा के संरक्षण का आदेश देने की मांग की थी। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत के समक्ष कहा कि एजेंसी ने इन दोनों परिसरों से कुछ भी जब्त नहीं किया है।

**आगे विचार करने के लिए कुछ नहीं बचा: कोर्ट**
टीएमसी की याचिका का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति सुव्रा घोष ने टिप्पणी की कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत दलीलों को देखते हुए पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा दायर इस याचिका में आगे विचार करने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है।

## ईरान को तुरंत छोड़ दें, जरूरी कागजात साथ रखें: विदेश मंत्रालय




**नई दिल्ली/एजेंसी**
ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरूआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं।

**उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने की अपील**
विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ाने भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें।

**सतर्क रहने और संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह**
सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है।

**यात्रा दस्तावेज हमेशा रखें तैयार**
ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें।

**सहायता के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क**
विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था।

## थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 0.83 फीसदी पर




**नई दिल्ली/एजेंसी**
महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका देने वाली खबर आई है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 0.83 फीसदी पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से थोक महंगाई दर में वृद्धि हुई है। यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि दिसंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर 0.83 फीसदी रही है। इससे पिछले महीने नवंबर में यह शून्य से नीचे 0.32 फीसदी और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 फीसदी रही थी। दिसंबर 2024 में थोक महंगाई दर 2.57 फीसदी थी।

## नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक में महाराष्ट्र शीर्ष पर



**नई दिल्ली/एजेंसी**
नीति आयोग ने निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024 जारी किया है। आयोग के चौथे निर्यात तैयारी सूचकांक में महाराष्ट्र ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस सूची में तमिलनाडु और गुजरात क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर है। यह सूचकांक भारत के 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर के माल निर्यात लक्ष्य और विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है। सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब का स्थान है। छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद जम्मू-कश्मीर, नगालैंड, दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव, गोवा तथा त्रिपुरा का स्थान है। ये सूचकांक भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की निर्यात के लिए तैयारी और क्षमता का एक विस्तृत मूल्यांकन करता है। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी.वी. आर. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत के मुक्त व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौतों का विस्तार करने के साथ ही मजबूत घरेलू आधार का महत्व बढ़ता जा रहा है।


## शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव : सीएम



**उत्तरकाशी**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी स्थिति नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया है। उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। बुधवार को नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी में आयोजित विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए पर्यटन बिजनेस नहीं बल्कि रोजगार का पूरा इंजन है। यहां वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उत्तराखंड नई पहचान बना रहा है।

## नक्सलवाद गिन रहा अपनी अंतिम सांसें

### सरकारी नीतियों से प्रभावित या मरने का खौफ? 29 माओवादियों ने डाले हथियार




**सुकमा/एजेंसी**
सुकमा जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक उल्लेखनीय कामयाबी मिली है। लगातार बढ़ रहे दबाव और प्रभावी रणनीति के चलते 29 पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। यह घटनाक्रम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सुरक्षा बलों की सक्रियता और दबाव का असर
जानकारी के अनुसार, गोगुंडा कैंप की स्थापना के बाद से ही इस इलाके में सुरक्षा बलों की उपस्थिति काफी बढ़ गई थी। इसके कारण नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना संभव हुआ। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमिनेशन और अन्य दबाव की रणनीतियों से प्रभावित होकर, इन नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला किया। यह दशार्ता है कि सरकार की नीतियां और सुरक्षा बलों का अथक प्रयास रंग ला रहा है।

**पुनर्वास नीति से मिली प्रेरणा**
आत्मसमर्पण करने वाले सभी 29 नक्सलियों ने सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण के समक्ष अपना समर्पण किया।
इस अवसर पर, पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस नीति के तहत नक्सलियों को समाज में पुनः स्थापित होने और बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस जानकारी ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए और अधिक प्रोत्साहित किया।

## आज भारत में 33 करोड़ कनेक्शन वाला देशव्यापी एलपीजी सिस्टम: हरदीप पुरी



**नई दिल्ली/एजेंसी**
केंद्रीय पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया के जरिए भारत की स्वच्छ तरीके से खाना पकाने के पहल के सकारात्मक और व्यापक प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा खाना पकाना तभी काम करता है जब इसका रेगुलर इस्तेमाल किया जाए। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि आज भारत में 33 करोड़ कनेक्शन वाला देशव्यापी एलपीजी सिस्टम है। हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर भारत की क्लीन कुकिंग पहलों के बड़े बदलाव लाने वाले असर पर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना की असली सफलता सिर्फ दिए गए कनेक्शन की संख्या में नहीं बल्कि लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के रेगुलर इस्तेमाल में है। मंत्री ने बताया कि देश में इस समय एक विशाल राष्ट्रीय एलपीजी नेटवर्क संचालित हो रहा है, जिसके तहत करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन मौजूद हैं। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उनहोंने बताया कि इस योजना के तहत 10.41 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

## मकर संक्रांति पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में लगाई डुबकी

### भोर से ही गंगातट पर स्नान के लिए पहुंचने लगे श्रद्धालु, भोर से लेकर दोपहर तक गंगा में स्नान जारी रहा



**वाराणसी/एजेंसी**
उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में मकर संक्रांति पर्व की तिथियों को लेकर भ्रम को दरकिनार कर लाखों श्रद्धालुओं ने बुधवार को पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया। परम्परागत रूप से पर्व (14 जनवरी) को मनाने वाले श्रद्धालु भोर से परिवार के साथ गंगा स्नान करने के लिए पहुंचने लगे। अलसुबह भगवान सूर्य के उदीयमान होने के साथ दिन चढ़ने तक स्नान - ध्यान का सिलसिला गंगा घाटों पर चलता रहा। दोपहर में भी यह स दशाश्वमेध घाट के तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी ने कहा कि इस साल मकर संक्रांति के दिन बुधवार को षटतिला एकादशी भी है। करीब 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब संक्रांति और एकादशी एक ही दिन हैं। यह संयोग बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दौरान किया गया स्नान, दान और पूजा शुभ फल देने वाला माना जाता है। उन्होंने बताया कि अपरान्ह 3 बजकर 7 मिनट पर सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना ही मकर संक्रांति कहलाता है। यह गोचर दोपहर बाद हो रहा है, इसलिए तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लेकिन गोचर के आधार पर मकर संक्रांति 14 जनवरी को मना सकते हैं जबकि स्नान-दान, पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए 15 जनवरी को अधिक शुभ माना जा रहा है। इसलिए श्रद्धालु दो दिन पर्व मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्नान पर्व पर काशीवासी और बाहर से आए श्रद्धालु गंगा स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद लेते हैं। इसी दिन पतंगबाजी भी होती है। पर्व के दिन गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस बल और महिला पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों से घाटों पर लगातार निगरानी की जा रही है। पर्व पर गंगा स्नान के बाद बच्चों और युवाओं ने गंगाघाटों से लेकर घर तक पतंगबाजी शुरू कर दी। बताते चलें इस साल मकर संक्रांति पर्व की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। कहीं 14 जनवरी को पर्व मनाने की बात हो रही है, तो कहीं 15 जनवरी को। अयोध्या में रामलला मंदिर के शिलान्यास और विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत निकालने वाले काशी के दिग्गज विद्वान पं. गणेश्वर द्राविड़ के अनुसार संक्रांति पुण्यकाल के विषय में गणेश आपा जी पंचाग एवं देशपांडे पंचाग में मकर संक्रांति पुण्यकाल 14 जनवरी को दिया गया है। इस भूल को लोग सुधार कर 15 जनवरी को दिन के पूर्वार्ध में मकरसंक्रांति निमित्त स्नान, दान, तर्पण , श्राद्ध पूजन आदि करें।

## मोदी आज राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों के सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली/एजेंसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होगा। प्रधानमंत्री का संबोधन भी होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसमें 42 राष्ट्रमंडल देशों और चार अर्ध-स्वायत्त संसदों के कुल 61 स्पीकर और पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन में समकालीन संसदीय विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। इनमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों के निर्माण में स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका, संसदीय कार्यप्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभाव, संसद के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के नवाचार और मतदान से आगे नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने की रणनीतियां प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा की व्यवस्थाओं का सीएम योगी ने लिया जायजा

**गोरखपुर।**
गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत सुनिश्चित कराने के लिए गोरक्षपीठ में डेरा डाल दिया है। मकर संक्रांति पर खिचड़ी महापर्व का शुभारंभ गुरुवार को होगा लेकिन मंगलवार शाम से गोरक्षपीठाधीश्वर ने सारी व्यवस्थाओं पर खुद नजर रखनी शुरू कर दी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर



संवेदनशील सीएम योगी मकर संक्रांति पर होने वाले पारंपरिक रूप से विशिष्ट, दिव्य व भव्य आस्था की खिचड़ी पर्व के दृष्टिगत मंगलवार रात गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया।



मंगलवार अपराह्न गोरखपुर पहुंचे सीएम योगी गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेका। इसके बाद खिचड़ी मेला की तैयारियों की जानकारी लेने तथा यथोचित निर्देश देने में जुट गए। चूंकि श्रद्धालुओं का रेला बाबा गोरखनाथ की पावन तपोभूमि पर अभी से आने लगा है, इसलिए तैयारियों को अंतिम रूप देने के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने मंदिर परिसर का रात्रिकालीन निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने समूचे मंदिर परिसर में साफ सफाई, सुरक्षा व अन्य सभी सुविधाओं को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

## स्वास्थ्य सेवाओं में एआई से आएगा क्रांतिकारी बदलाव : ब्रजेश पाठक



**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के सेंट्रम होटल में आयोजित एआई इंपैक्ट सम्मिट 2026 के समापन समारोह में मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हेल्थ केयर सेक्टर को नई दिशा और गति प्रदान करते हैं।
अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि दुनिया भर में चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर नए आविष्कार हो रहे हैं और एआई तकनीक ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सटीक, तेज और प्रभावी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस प्रकार की कार्यशालाओं और सम्मिट के माध्यम से हम वैश्विक नवाचारों से परिचित होते हैं और उन्हें प्रदेश में लागू करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस सम्मिट में एआई से संबंधित गहन विचार-विमर्श हुआ है और हेल्थ सेक्टर में एआई तकनीक को बढ़ावा देने के लिए सरकार स्तर पर जो भी आवश्यक कदम होंगे, उन्हें प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।
इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करना है, जिससे उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सके।इस दौरान बृजेश पाठक ने एआई से संबंधित एक मोबाइल एप का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के डिजिटल नवाचार आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के अंत में उप मुख्यमंत्री एआई इंपैक्ट सम्मिट 2026 के आयोजन से जुड़े सभी आयोजकों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## एकतरफा प्रेम में कॉल सेंटर कर्मी की फल विक्रेता ने की थी हत्या, पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नोएडा।**
थाना बीटा-2 क पुलिस ने कॉल सेंटर में काम करने वाली 25 वर्षीय युवती दीपमाला की निर्मम हत्या का 30 घंटे के भीतर पदार्फाश किया है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपित को आज शाम को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। यह एक हत्या नहीं थी, बल्कि एकतरफा प्रेम में पनपी सनक, जिसने इंसानियत की सारी हदें पार कर दीं।
आरोपित की पहचान अंकित कुमार निवासी गांव जैत वैशपुर सूरजपुर के रूप में हुई। वह शादीशुदा है व फल बेचने का काम करता है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय सुधीर कुमार ने बताया कि मंगलवार शाम को ढकिया बाले बाबा गोलचक्कर के पास हुई मुठभेड़ में आरोपित के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक, तमंचा और मृतका का मोबाइल फोन आदि बरामद किया है।

## संयमित जीवनशैली से स्वस्थ रहा जा सकता है : प्रो. सीमा परोहा



**कानपुर।**
स्वास्थ्य को संयमित जीवन शैली द्वारा ठीक रखा जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या को नजर अंदाज करना भविष्य में घातक हो सकता है। समय पर दवा का सेवन एवं चिकित्सकों के निदेर्शों का पालन करके स्वस्थ रहा जा सकता है। यह बातें मंगलवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) की निदेशक प्रो.सीमा परोहा ने कही।
राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, (एनएसआई) कानपुर और मेदांता हास्पिटल, गुरूग्राम के संयुक्त समन्वय से एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मेदांता हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा संस्थान कर्मियों की बीपी, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, फेफड़ों की कार्यक्षमता एवं बोन मिनरल डेंसिटी आदि विभिन्न जांचे निःशुल्क की गईं। संस्थान कर्मियों ने स्वास्थ्य कैंप में बड़ी संख्या में शामिल होकर विभिन्न जांचों का लाभ उठाते हुये बीमारियों के निदान के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

## गोवर्धन पूजा के दौरान किशोर की हुई हत्या के मामले में सात आरोपियों को आजीवन कारावास



**नोएडा।**
जनपद गौतम बुद्ध नगर की न्यायालय ने मंगलवार को हत्या के मामले में 7 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनके ऊपर 95-95 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। थाना जेवर क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में गोवर्धन पूजा के दौरान यह घटना हुई थी।
सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र जयंत ने बताया कि राकेश पुत्र कमल ने 14 नवंबर वर्ष 2023 को थाना जेवर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम के समय वह अपने लड़के मोहित उम्र 14 वर्ष, नरेंद्र,हरेंद्र, आदि के साथ ललित के घर से गोवर्धन पूजा करके आ रहे थे, तभी अचानक सोनू ,गौरव, शिवा, धर्मेंद्र, रंजीत, अभिराज, निशांत और दो अज्ञात लोगों ने ताबड़तोड़ उनके ऊपर गोलियां चला दी। जिसमें उनके बेटे मोहित के सिर में गोली लगी। नरेंद्र ,हरेंद्र के बाएं हाथ में गोली लगी। इसके अलावा उन्होंने लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला किया। इस घटना में मोहित की मौत हो गई।
उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोमप्रभा मिश्रा की अदालत में चल रही थी। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह सुना, गवाहों के बयान दर्ज किया, उसके बाद कोर्ट ने इस मामले में आज अभिराज, कुंवर गौरव, रणजीत सिंह, सोनू, निशांत राणा, धर्मेश उर्फ धर्मेंद्र तथा शिवनीत उर्फ शिवराज को दोषी पाया।

## पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली



**बरेली ।**
उत्तर प्रदेश के बरेली में गौकशी के मामले में बहेड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया । पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, गौकशी के उपकरण और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

# पुलिस मुठभेड़ में पंद्रह हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बाराबंकी।**
जनपद बाराबंकी के थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सुबह तड़के मुठभेड़ के दौरान 15 हजार रुपये के इनामिया अपराधी को गिरफ्तार किया गया। एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार की भोर पहर जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग की जा रही थी कि भनौली नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध



आपराधिक व्यक्ति के होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा गाड़ाबन्दी की कार्यवाही की गई। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गईं जिससे वह घायल हो कर गिर गया। जिसे पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए अपराधी की पहचान मोहम्मद वसीम पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम जमलापुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक कारतूस खोखा बरामद किया गया। उक्त शातिर थाना जैदपुर में यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।
इसके विरुद्ध जनपद बाराबंकी, लखनऊ, अमेठी, बहराइच में चोरी/अवैध शस्त्र बरामदगी/ हत्या के प्रयास, अवैध मादक पदार्थ तस्करी आदि से सम्बन्धित दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

# चित्रकूट कलेक्ट्रेट की बाउंड्री के पीछे पेड़ पर एक युवती ने लगाई फांसी

### डीएम कार्यालय में मौजूद जवानों ने युवती को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, हालत गंभीर

**चित्रकूट।**
अज्ञात कारणों के चलते एक नाबालिग युवती द्वारा फांसी लगाए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मामला जिलाधिकारी कार्यालय की बाउंड्रीवाल के बाहर लगे आम के पेड़ के पास का है, जहां मंगलवार को एक युवती पेड़ से लटकी हुई पाई गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे फरियादियों और ड्यूटी पर तैनात



होमगार्ड ने तत्परता दिखाते हुए युवती को पेड़ से नीचे उतारा। इस दौरान युवती गंभीर रूप से घायल अवस्था में थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव एवं एडीएम न्यायिक ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी सरकारी गाड़ी से युवती को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में फांसी लगाने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है।

## जालौन में गौकशी गिरोह से पुलिस मुठभेड़, दो आरोपित घायल, अवैध हथियार बरामद

**उरई।**
यूपी के जालौन जिले में गोकशी की एक वारदात को अंजाम देने वाले एक अंतर्जनपदीय गिरोह के शातिर बदमाशों से देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो बदमाश कल्ला और जावेद के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वहीं पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध असलहा, कारतूस के साथ गौकशी के उपकरण और घटना में इस्तेमाल बाइक व नकदी बरामद की है।
जानकारी के मुताबिक, कोंच थाना क्षेत्र के कुदरा गांव में कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने एक गौवंश की हत्या कर दी थी और उसके अवशेष छोड़कर फरार हो गए थे। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और संदिग्ध गिरोह की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान मंगलवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि यही गिरोह ग्राम खोवा और रवा के बीच शातिर बदमाश संपर्क मार्ग पर है। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने संदिग्धों को घेरा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस जवाबी फायरिंग में दो बदमाश पैर में गोली



लगने से घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घायल बदमाशों और मौके से दो अवैध देशी बंदूकें, कई जिंदा कारतूस, गौकशी में इस्तेमाल होने वाले धारदार उपकरण और घटना में प्रयुक्त एक बाइक व कुछ नकदी बरामद की है।
इस मामले में जालौन के पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया, कोंच क्षेत्र में गौकशी की घटना के मामले में हमें शातिर बदमाशों की आवाजाही की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने उन्हें घेरा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो आरोपी कल्ला और जावेद घायल हुए।

## गैंगस्टर एक्ट में दो कुख्यात माफिया दोषी, सात सात वर्ष की सजा

**बांदा।**
उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कुख्यात अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर कोर्ट ने दो शातिर माफियाओं को दोषी करार दिया है।
न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5000-5000 के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में प्रत्येक अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद न्यायालय ने सजायबी वारंट जारी कर दोनों को जेल भेज दिया।
विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) सौरभ सिंह ने मंगलवार को बताया कि थाना कोतवाली नगर, जनपद बांदा के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक विवेकानंद तिवारी द्वारा 10 अक्टूबर 2011 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में जावेद उर्फ बुद्धू पुत्र जाकिर अली, निवासी लोहार तलैया तथा असलम पुत्र बाबू हनीफ, निवासी खाई पार, थाना कोतवाली नगर, बांदा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।
अभियोजन के अनुसार अभियुक्तों का एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जिसका सरगना जावेद उर्फ बुद्धू है, जबकि असलम उसका सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह अवैध असलहों के बल पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, चोरी एवं राहजनी जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देकर अवैध रूप से धन अर्जित करता रहा है। जावेद उर्फ बुद्धू के विरुद्ध 05 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे, जबकि असलम के विरुद्ध 04 संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।
गैंगस्टर एक्ट के इस मुकदमे की विवेचना निरीक्षक हवलदार सिंह द्वारा की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 4 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों के गहन परीक्षण और प्रभावी पैरवी के आधार पर अपर सत्र विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर कोर्ट) एडीजे प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

## माघ मेले के सेक्टर पांच में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**प्रयागराज।**
प्रयागराज के माघ मेले के सेक्टर पांच में झूंसी थानाक्षेत्र के संगम लोवर चौराहा स्थित नारायण शुक्ल धाम में मंगलवार की शाम शार्ट सर्किट से आग लग गई। हालांकि अग्निशमन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल आग पर काबू पा लिया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।
माघ मेला प्रभारी (पुलिस अधीक्षक) नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि जिले के थरवई थानाक्षेत्र के गारापुर गांव निवासी भरत शंकर शुक्ला माघ मेला के सेक्टर पांच के झूंसी थानाक्षेत्र संगम लोअर चौराहे के पास नारायण शुक्ला धाम शिविर में मंगलवार की शाम शार्ट सर्किट से आग लग गई। घटना की सूचना 17:45 बजे प्राप्त होते ही घटनास्थल के निकट ड्यूटी पर तैनात दो-पहिया फायर वाहन तत्काल मौके पर पहुंचे।
इसके बाद दो मिनट के भीतर फायर सर्विस के कुल 06 वाहन घटनास्थल पर पहुंच गए तथा तत्परता से अग्निशमन कार्यवाही प्रारम्भ की। इस आगजनी की घटना में 02 छोलदारियां जलने की सूचना है, लेकिन किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा अन्य संपत्ति की क्षति नहीं हुई है। फायर सर्विस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से आग पर पूर्णत: काबू पा लिया गया है। स्थिति पूर्ण रूप से नियंत्रण में है।

**मेले की हर व्यवस्था और सिस्टम को किया गया अपडेट**

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार माघ मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बराबर नजर बनाए हुए है और हर प्रकार की व्यवस्था को पुख्ता कर रही है। माघ मेला शुरू होने के बाद अग्नि शमन विभाग के वाहनों को रवाना करने के दौरान एडीजी फायर पद्मजा चौहान ने जानकारी देते हुए बताया था कि महाकुंभ में हुई आगजनी की घटना को देखते हुए टीम का रिस्पांस टाइम को और करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा था कि अब अग्नि शमन का दस्ति दो मिनट में घटनास्थल पर पहुंच जाएगा।

## वीवीआईपी दौरे से पहले नगर निगम की खुली पोल, गंदगीझ्रअतिक्रमण देख भड़के नगर आयुक्त

**बरेली।**
गणतंत्र दिवस पर प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम से पहले नगर निगम प्रशासन की तैयारियों की पोल खुल गई। मंगलवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया तो सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण और आवारा पशुओं को लेकर हालात बेहद खराब मिले। कई जगह गंदगी का अंबार, सड़कों पर घूमते पशु और अवैध होर्डिंग्स देखकर नगर आयुक्त नाराज हो गए और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।
निरीक्षण के दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा पशु और गौवंश खुलेआम सड़कों पर घूमते मिले, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और हादसों का खतरा बना हुआ था। नगर आयुक्त ने उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कैटल कैचर टीम सक्रिय कर पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए। पीलीभीत बाईपास रोड और सेटेलाइट फ्लाईओवर पर बड़ी संख्या में अवैध होर्डिंग्स, अतिक्रमण और गंदगी पाई गई।

## पूर्व आईएएस बादल चटर्जी व शंकर सिंह को उनके बैच के पीसीएस अधिकारियों को प्रोन्नत वेतनमान देने का निर्देश

**प्रयागराज।**
इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पीसीएस से आईएएस कैडर में प्रोन्नत प्राप्त बादल चटर्जी और शंकर सिंह को वही प्रोन्नत वेतनमान देने का निर्देश दिया है, जो उनके बैच के उन अधिकारियों को दिया गया जो आईएएस कैडर में प्रोन्नति नहीं पा सके थे।
कोर्ट ने कहा कि इसी प्रकार के मामले में जब पीपीएस से आईपीएस में प्रोन्नत राजेश कुमार श्रीवास्तव को बढ़े वेतनमान का लाभ दिया गया है तो याचियों से इस आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता कि उनका कैडर अलग है। कोर्ट ने कहा कि दोनों कैडर की सेवा शर्तें समान हैं।
बादल चटर्जी व शंकर सिंह की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने राज्य सरकार के अधिकारियों की इस बात के लिए आलोचना भी की कि सभी बातें याचियों के पक्ष में होने के बावजूद उन्हें उन्हीं के विभाग के कनिष्ठ अधिकारियों से कमतर आंकना स्पष्ट रूप से लाल फीताशाही को दशार्ता है।

# दिबियापुर में पुलिस मुठभेड़ : शातिर बदमाश के पैर में लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में रात्रिगश्त व पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कंचौसी की ओर से विझाई पुल के पास सामने से आ रही दो संदिग्ध बाइकों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को प्रातः तीन बजे दिबियापुर थाना पुलिस की शातिर चोरों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरे को दबोच लिया गया।
सीओ सिटी अशोक कुमार ने बताया कि बुधवार तड़के करीब तीन बजे यह मुठभेड़ दिबियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विझाई पुल के पास हुई।पुलिस को देखते ही एक बाइक सवार युवक ने अचानक पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें बाइक पर सवार शातिर बदमाश शिवम पाल पुत्र प्रमोद, निवासी थाना फफूँद, औरैया के पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ के दौरान एक अन्य चोर को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।
घायल बदमाश को पहले दिबियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन किया। टनास्थल से एक तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# एसआईआर के तहत 11 हजार से अधिक ह्यअवैधह्न मतदाता चिन्हित, नदिया में सबसे ज्यादा मामले

**कोलकाता, 14 जनवरी।**
**राज्य में चल रहे विशेष गहन** पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अब तक 11 हजार से अधिक ह्यअवैधह्न मतदाताओं की पहचान की गई है। जिला-वार आंकड़ों के अनुसार नदिया जिले में ऐसे मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक दर्ज की गई है, जबकि बांकुड़ा और कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में अब तक एक भी अवैध मतदाता नहीं मिला है।



चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब तक नौ लाख 30 हजार 993 मतदाताओं की सुनवाई पूरी हो चुकी है और उनका विवरण ऑनलाइन अपलोड किया गया है। दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई के बाद निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों ने 11 हजार 472 मतदाताओं को ह्यअवैधह्न घोषित किया है, जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी राज्य सरकार के ही कर्मचारी होते हैं।

एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है। इस प्रक्रिया के तहत अब तक पूरे राज्य में कुल 65 लाख 78 हजार 058 नोटिस तैयार किए गए हैं, जिनमें से 32 लाख 49 हजार 091 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिन मतदाताओं को नोटिस जारी हुआ, उनमें से नौ लाख 30 हजार 993 की सुनवाई पूरी होने के बाद अवैध मतदाताओं की पहचान की गई।

जिला-वार आंकड़ों के अनुसार, नदिया में सबसे अधिक 9,228 अवैध मतदाता पाए गए। इसके विपरीत, कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में एक लाख 36 हजार 561 नोटिस जारी होने के बावजूद एक भी अवैध मतदाता सामने नहीं आया। बांकुड़ा जिले में भी एक लाख 63 हजार 357 नोटिस जारी किए गए, लेकिन वहां अब तक कोई अवैध मतदाता नहीं मिला।

अन्य जिलों में कूचबिहार में 10, जलपाईगुड़ी में चार, दार्जिलिंग और उत्तर दिनाजपुर में दो-दो, दक्षिण दिनाजपुर में 195 अवैध मतदाता चिन्हित किए गए। मालदा में 15, मुर्शिदाबाद में 68, उत्तर 24 परगना में 147 और दक्षिण 24 परगना में 69 मतदाताओं को अवैध पाया गया। कोलकाता के उत्तरी हिस्से में 54, हावड़ा में 26, हुगली में 989 और पूर्व मेदिनीपुर में दो ऐसे मतदाता मिले। पश्चिम मेदिनीपुर में 105, पुरुलिया में 44, पूर्व बर्दवान में 167 और बीरभूम में 264 अवैध मतदाता दर्ज किए गए। पहाड़ी और वनवासी जिलों में अलीपुरद्वार में नौ, कलिम्पोंग में 65, झारग्राम में तीन और पश्चिम बर्दवान में चार अवैध मतदाता पाए गए।

## दासपुर में कीचड़ से सना शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी



**मेदिनीपुर, 14 जनवरी । घाटालझ्रपांशकुड़ा** सड़क किनारे दासपुर थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में बुधवार सुबह आठ बजे सड़क किनारे नाले के कीचड़ में सने व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान टिंकू शेख (45) के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री बताया जा रहा है और इलाके में किराए के मकान में रहकर काम करता था।

सूचना पाकर दासपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

स्थानीय पंचायत सदस्य खोखन खान ने बताया कि मृतक मंगलवार शाम करीब सात बजे चौक की एक दुकान पर उनके साथ चाय पी रहा था। उन्होंने कहा कि रात करीब आठ बजे से उसके साथी उसे ढूंढ रहे थे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार सुबह ग्रामवासियों से शव मिलने की सूचना मिली।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल के पास जूते और कपड़े बिखरे हुए मिले हैं, जबकि शव कीचड़ से लथपथ था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोयना अस्पताल भेज दिया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

## तमलुक में हाइकोर्ट के निर्देश पर 21 जनवरी को नपा चेयरमेन का चुनाव



**पूर्व मेदिनीपुर, 14 जनवरी । हाइकोर्ट** के आदेश के मुताबिक तमलुक नगर निगम में नए नगर प्रमुख (चेयरमैन) का चुनाव 21 जनवरी को होगा। मंगलवार शाम नगर पालिका के कार्यवाहक प्रमुख चंचल खाड़ा ने नगर निगम के 20 नगर प्रतिनिधियों को विशेष बैठक का नोटिस भेजा है।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार, 2022 के नगर निगम चुनाव में कुल 20 सीटों में से 18 पर तृणमूल कांग्रेस और दो पर भाजपा विजयी हुई थी। उस समय दीपेन्द्रनारायण राय चेयरमैन चुने गए थे और लीना मावई राय को वाइस चेयरमैन बनाया गया था। दोनों ने 11 नवंबर को पार्टी के निर्देश पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

इसके बाद 18 नवंबर को राज्य के नगर एवं शहरी विकास विभाग ने चंचल खाड़ा को अस्थायी चेयरमैन नियुक्त किया। 20 नवंबर को नगर बोर्ड की बैठक के बाद उन्होंने खुद को चेयरमैन घोषित कर दिया था। हालांकि भाजपा की दो नगर पार्षद जया दास नायेक और शबरी चक्रवर्ती ने इस चुनाव को अवैध मानते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। भाजपा पार्षद जया दास नायेक ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार हमें नोटिस मिला है। लेकिन तृणमूल का अर्थ चोरी और भ्रष्टाचार है। अब देखना यह है कि चुनाव सही तरीके से होगा या नहीं।

वहीं, चंचल खाड़ा ने कहा, चेयरमैन चुन- ाव के लिए सभी पार्षदों को नोटिस भेज दिया गया है। हम सब कुछ कानूनी तरीके से करेंगे।

## ममता बनर्जी ने महाश्वेता देवी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, 14 जनवरी । पश्चिम बं**गाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर प्रख्यात साहित्यकार, मानवाधिकारों की प्रखर योद्धा और आदिवासी अधिकारों की मुखर आवाज महाश्वेता देवी की जयंती पर उन्हें सश्रद्ध प्रणाम किया।

अपने पोस्ट में ममता बनर्जी ने लिखा कि महाश्वेता देवी बांग्ला साहित्य का एक अनन्य नाम हैं। उनकी लेखनी केवल कहानियां नहीं कहती थी, बल्कि शोषित, वंचित और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई का सशक्त माध्यम थी। ह्यहजार चौरासी की मांह्न से लेकर ह्यअरण्येर अधिकारह्न तक, उनकी रचनाओं के हर पन्ने में संघर्ष और प्रतिरोध की भाषा गूंजती है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महाश्वेता देवी उनके व्यक्तिगत जीवन में एक बड़ी प्रेरणा रही हैं। उनका स्नेह और आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहा है।

# गंगासागर में शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का बयान: हिंदू सुरक्षित तो विश्व सुरक्षित

रमेश राय
गंगासागरः पूर्णभूमि गंगासागर में श्रद्धालुओं से भेंट और आशीर्वाद देने हर वर्ष आने वाले पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज इस वर्ष भी गंगासागर पहुंचे। यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने विश्व हिंदू सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया।



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि बांग्लादेश अदूरदर्शिता का परिचय दे रहा है। वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया या उन्हें वहां से खदेड़ा गया, तो जिन क्षेत्रों में मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं, वहां उनकी स्थिति पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होगा। सभी को आपसी सद्भाव बनाए रखना चाहिए। हिंदू सुरक्षित रहेंगे तो विश्व सुरक्षित रहेगा। मुस्लिम समाज को देशभक्ति का परिचय देना चाहिए।

राज्य सरकार द्वारा गंगासागर में पुल निर्माण के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यदि हिंदू तीर्थस्थलों को केवल पर्यटन केंद्र में बदला गया, तो इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को यह समझना चाहिए कि जिनके पूर्वज हिंदू थे, वे हमारे लिए पूज्य हैं। सनातन धर्म की रक्षा करने वाले पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए। हिंदुओं का सम्मान करें और उनके साथ खड़े रहें, अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती है।

मेला क्षेत्र में चिकन पैटी बिक्री विवाद पर शंकराचार्य ने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार तीर्थ मेलों में मांसाहार पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए।

उन्होंने मंदिर निर्माण के मुद्दे पर कहा कि बंगाल में मंदिर निर्माण में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन पुरी के जगन्नाथ धाम की नकल उचित नहीं। साथ ही, एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सावधानी बरतने की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया।

# कोलकाता रेलवे स्टेशन पर गंगासागर तीर्थयात्रियों के लिए सेवा और श्रद्धा का संगम

कोलकाता रेलवे स्टेशन परिसर से आस्था, सेवा और समर्पण की एक अनुकरणीय मिसाल सामने आई है। अखिल भारतीय गोस्वामी सभा, पश्चिम बंगाल, कोलकाता की पहल पर गंगासागर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु एक भव्य एवं सुव्यवस्थित गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का आयोजन किया गया है।



**ह्लसब तीरथ बार-बार, गंगासागर एक बारह्व –**
इस पावन उक्ति को साकार करते हुए ईश्वर की असीम अनुकम्पा एवं समाज के व्यापक सहयोग से यह सेवा शिविर कोलकाता रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित किया गया है। इस सेवा शिविर का उद्घाटन श्री त्रिभुवन पूरी जी महाराज के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उनके संरक्षण और आशीर्वाद में यह सेवा शिविर विगत तेरह वर्षों से निरंतर, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक संचालित होता आ रहा है।

यह सेवा शिविर पूरे एक सप्ताह तक चलेगा, जिसका समापन 16 जनवरी को होगा। शिविर के माध्यम से गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों को निःशुल्क चाय, अल्पाहार, भोजन एवं ठहरने की समुचित और सम्मानजनक व्यवस्था प्रदान की जा रही है।

साथ ही अस्वस्थ यात्रियों के लिए दवा, प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस तथा अन्य आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएँ भी पूरी तत्परता के साथ उपलब्ध कराई गई हैं।

इसके अतिरिक्त, इस वर्ष से गंगासागर में भी तीर्थयात्रियों के ठहराव हेतु ॐ भवन, गंगासागर में विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संस्था के संस्थापक श्री धर्मनाथ जी भारती, जिन्हें समाज में ह्लभीष्म पितामहह्व के नाम से जाना जाता है, तथा उनके सहमित्र श्री चितरंजन जी गिरी के कुशल मार्गदर्शन में इस सेवा कार्य की संपूर्ण जिम्मेदारी निभाई जा रही है। उनके नेतृत्व में संस्था के सभी सदस्य तन, मन और धन से इस सेवा अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य गंगासागर यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाना है।

# जादवपुर में एसआईआर सुनवाई के लिए पहुंचे सुपरस्टार देव, उमड़ा प्रशंसकों का सैलाब

**कोलकाता, 14 जनवरी । बंगाली सिनेमा के सफल अभिनेता** देव (दीपक अधिकारी) को बुधवार को दक्षिण 24 परगना जिलांतर्गत जादवपुर के काटजुनगर स्थित स्वर्णमंदिर विद्यापीठ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी सुनवाई के लिए बुलाया गया था। देव के सुनवाई में आने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सुबह से ही उत्सुकता चरम पर पहुंच गई। सैकड़ों-हजारों प्रशंसकों की भीड़ के साथ बड़ी संख्या में मीडिया वाहन मौके पर जमा हो गए।



नोटिस के अनुसार देव को दोपहर 12 बजे पहुंचना था, हालांकि वह करीब साढ़े 12 बजे सुनवाई केंद्र पहुंचे। अंदर वह लगभग 10 मिनट तक ही मौजूद रहे। सुनवाई के बाद जब मीडिया ने उनसे सवाल किया कि मतदाता के रूप में प्रमाण देने के लिए उनसे क्या पूछा गया, तो देव ने मुस्कुराते हुए कहा कि अंदर कई तस्वीरें खिंचवाईं, कई ऑटोग्राफ दिए और कुछ कागजों पर हस्ताक्षर किए। इससे एक दिन पहले, मंगलवार को टॉलीवुड से जुड़े कई सदस्य राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे थे।

उन्होंने सवाल उठाया था कि इतने कम समय में एसआईआर क्यों कराया जा रहा है और क्यों बंगाल के सीमांत और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। इस मुद्दे पर देव ने कहा कि अगर एसआईआर कराना ही था तो एक साल पहले क्यों नहीं किया गया? चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह प्रक्रिया क्यों शुरू की गई? सभी जानते हैं कि बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। नागरिक के तौर पर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतने कम समय में एसआईआर क्यों किया जा रहा है।

पिछले शुक्रवार को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के नेतृत्व में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें देव भी शामिल हुए थे। उस रैली में मंच से ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों, कवि-साहित्यकारों और खिलाड़ियों को सुनवाई के नाम पर परेशान किया जा रहा है।

# नंदीग्राम में अभिषेक का ह्यसेवाश्रयह्न स्वास्थ्य शिविर शुरू, शहीद परिवार करेंगे उद्घाटन

**पूर्व मेदिनीपुर, 14 जनवरी। डायमंड हार्बर के बाद** अब नंदीग्राम में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की पहल पर ह्यसेवाश्रय स्वास्थ्य शिविरह्न की शुरूआत होने जा रही है। गुरुवार से नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में दो ब्लॉकों में दो मॉडल स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। नंदीग्राम भूमि रक्षा आंदोलन में गोलीबारी में शहीद हुए लोगों के परिवार के सदस्य इन मॉडल कैंपों का उद्घाटन करेंगे। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, अभिषेक बनर्जी दोपहर में दोनों शिविरों का निरीक्षण भी करेंगे।




यह सेवाश्रय स्वास्थ्य शिविर 15 जनवरी से 30 जनवरी तक चलेगा। एक मॉडल कैंप नंदीग्राम बाइपास से सटे इलाके में, जबकि दूसरा खोड़ामबाड़ी क्षेत्र में लगाया गया है। डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में जिस स्वरूप में सेवाश्रय के मॉडल कैंप आयोजित किए गए थे, उसी तर्ज पर नंदीग्राम में भी इन शिविरों की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में डायमंड हार्बर में सेवाश्रयझ्रदो स्वास्थ्य शिविर संचालित हो रहा है।

नंदीग्राम के लोगों और स्थानीय तृणमूल नेताझ्रकार्यकताओं की लंबे समय से मांग थी कि यहां भी डायमंड हार्बर की तरह व्यापक स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। इसी अनुरोध को स्वीकार करते हुए अभिषेक बनर्जी ने नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र में सेवाश्रय शिविर आयोजित करने की पहल की।

कम समय मिलने के कारण फिलहाल दो मॉडल कैंप लगाए जा रहे हैं, लेकिन इनमें वही सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी जो डायमंड हार्बर के सेवाश्रय शिविरों में दी जाती हैं। एक मॉडल कैंप की जिम्मेदारी तृणमूल नेता ऋजु दत्त को सौंपी गई है, जबकि दूसरे की देखरेख कोलकाता नगर निगम के तृणमूल पार्षद सुशांत घोष करें।

## गंगासागर मेले में हैम रेडियो ने अपनाई नई आधुनिक तकनीक



**गंगासागर (रमेश राय): गंगासागर** मेला क्षेत्र में संचार और सूचना के आदान-प्रदान की समस्या हर वर्ष एक बड़ी चुनौती बनती है। लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं अक्सर ठप हो जाती हैं। ऐसे में वेस्ट बंगाल एमेच्योर रेडियो क्लब, जिसे हैम रेडियो के नाम से जाना जाता है, आधुनिक तकनीक के सहारे इस समस्या का समाधान करता है।

दक्षिण 24 परगना के सुदूर सागर द्वीप में आयोजित इस विशाल मेले के दौरान हैम रेडियो सैटेलाइट से जुड़े विशेष उपकरणों के माध्यम से प्रशासन और विभिन्न एजेंसियों के बीच संपर्क बनाए रखता है। इनके सहयोग से भटके हुए श्रद्धालुओं को उनके परिवार से मिलाया जाता है, वहीं गंभीर रूप से बीमार मरीजों को एयरलिफ्ट कर कोलकाता भेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है।

वेस्ट बंगाल हैम रेडियो के संपादक अम्बरीश नाग विश्वास (राजू) और रिंकू नाग विश्वास के नेतृत्व में 50 सदस्यीय दल 9 से 17 जनवरी तक लगातार सेवा में जुटा रहा। बीते 36 वर्षों से यह टीम मेला कार्यालय के मेगा कंट्रोल रूम, मेला परिसर, के-2 और के-3 बस स्टैंड, विभिन्न स्नान घाटों व सूचना केंद्रों से 24 घंटे निगरानी रखती है।

इस वर्ष पहली बार डिजिटल मोबाइल रेडियो (DMR) जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर गोपनीय तरीके से सूचना का आदान-प्रदान किया गया। इसी तकनीक से रूस से आए एक श्रद्धालु को उसके परिवार से मिलाने में सफलता मिली। अम्बरीश नाग विश्वास ने बताया कि"myham.in" वेबसाइट के माध्यम से भी लापता या अस्पताल में भर्ती व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। संचार व्यवस्था को सुचारु रखने में हैम रेडियो की भूमिका बेहद अहम है।

## जनसैलाब में तब्दील हुआ गंगासागर मेला



**गंगासागर (रमेश राय): मकर संक्रांति** के पावन पूर्ण लग्न पर गंगासागर मेला जनज्वार में बदल गया। बुधवार दोपहर तीन बजे तक करीब 85 लाख श्रद्धालुओं ने गंगासागर में पवित्र स्नान किया और कपिलमुनि मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कचुबेरियाझ्रलॉट 8 और नामखानाझ्रबेनुबन मार्ग से सुरक्षित रूप से कोलकाता की ओर प्रस्थान किया।

बुधवार को मेला ग्राउंड में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य के मंत्री अरूप विश्वास ने बताया कि मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य के साथ-साथ फ्रांस, यूक्रेन, नेपाल सहित कई देशों से श्रद्धालु गंगासागर पहुंचे हैं और मेला की व्यवस्था व बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया है। मंत्री ने यह सवाल भी उठाया कि इतनी विशाल अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के बावजूद गंगासागर मेले को अब तक राष्ट्रीय मेला क्यों घोषित नहीं किया गया।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंदिर दर्शन में समय लग रहा है। मंत्री ने प्रशासन के निदेशों का पालन करने और धैर्य बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ सिविल डिफेंस वॉलंटियर, क्विक रिस्पॉन्स टीम, डीप व नेवल डाइवर, एनडीआरएफ और कोस्ट गार्ड 247 तैनात हैं। समुद्र तट की सफाई के लिए 3,000 से अधिक बीच गार्ड लगाए गए हैं।

मेले में 150 सामाजिक संगठनों के करीब 10,000 स्वयंसेवक सेवा में लगे हैं। ह्यबंधनह्न फोटो बूथ के जरिए अब तक 5.75 लाख श्रद्धालुओं ने निःशुल्क फोटो प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। ई-परिचय (क्यूआर कोड रिस्ट बैंड) की मदद से 4,860 बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया। अब तक 272 पॉकेटमारी की घटनाएं हुईं, जिनमें 260 मामलों में सामान बरामद हुआ और 672 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक श्रद्धालु की समुद्र में डूबने से मृत्यु हुई है। वहीं, पांच बीमार श्रद्धालुओं को एयरलिफ्ट कर कोलकाता के एम.आर. बांगुर अस्पताल भेजा गया है। मेला अब तक पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से जारी है।

## कोलकाता में फैशन शो में दिव्यांग बच्चों सहित 70 से अधिक महिलाओं ने रैंप पर किया कैटवाक



**कोलकाता : भारतीय सेना की** वीरता व महिलाओं के सम्मान में सकमन भाग्य फाउंडेशन और मगध प्रोडक्शन की ओर से शनिवार को कोलकाता में नारी मिशन शक्ति पर केंद्रित फैशन शो व नारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ 70 से अधिक महिलाओं ने रैंप पर कैटवाक कर अपना जलवा बिखेरा। स्प्रिंग क्लब में आयोजित इस भव्य रंगारंग समारोह में करीब एक दर्जन महिलाओं को नारी सम्मान पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना सहित विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक व सकमन भाग्य फाउंडेशन के डायरेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी में फैशन शो में बंगाल सहित विभिन्न राज्यों से आईं युवा महिला प्रतिभागियों ने रैंप पर कैटवाक किया। समारोह में विशेष तौर पर आमंत्रित केरल से आए 40 से अधिक दिव्यांग बच्चे भी कार्यक्रम के गवाह बने और फैशन शो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसको सभी ने सराहा। उन्होंने बताया कि नेशनल फैशन शो का यह छठा संस्करण था। कोलकाता में यह लगातार दूसरे साल हुआ है। इससे पहले चार बार दिल्ली में यह फैशन शो आयोजित हुआ था। कार्यक्रम के आयोजन में कोल इंडिया लिमिटेड, निफ़्ट, एफडीडीआइ, पीसी चंद्रा ग्रुप, एडिडास, एचसीजी कैंसर केयर व अन्य संस्थानों का सहयोग रहा।

## मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**कोलकाता, 14 जनवरी । मकर** संक्रांति के अवसर पर कोलकाता और हावड़ा सहित गंगा तटवर्ती इलाकों में बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा देखने को मिला। गंगा स्नान के लिए लोगों का उत्साह सुबह से दोपहर तक बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान और पूजा-अर्चना के लिए घाटों पर पहुंचे।

हालांकि इस वर्ष मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त रात आठ बजे के बाद प्रारंभ होकर अगले दिन मंगलवार दोपहर 12 बजे तक रहेगा, लेकिन परंपरा के अनुसार 14 जनवरी को ही पर्व मनाए जाने के कारण श्रद्धालुओं ने सोमवार को गंगा स्नान किया। हावड़ा, हुगली, कोलकाता और उत्तर 24 परगना के अलावा नदिया समेत अन्य जिलों से भी लोग गंगा के दोनों तटों पर पहुंचे।

घाटों पर महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या मौजूद रही। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान घाटों पर बड़ी संख्या में पुरोहित भी मौजूद थे, जिन्होंने वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा और क्रियाकर्म संपन्न कराया।

पुरोहित भीम बनर्जी ने बताया कि परंपरा के अनुसार 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक का समय ह्यखरमासह्न माना जाता है, जिसे पितृपक्ष का ही एक हिस्सा माना जाता है। इस अवधि में शुभ कार्य नहीं किए जाते। मकर संक्रांति के दिन पुण्य स्नान के साथ यह अवधि समाप्त हो जाती है और इसके बाद शुभ कार्यों की शुरूआत की जाती है।

# गांधीनगर केपिटल—दौलतपुर चौक एक्सप्रेस का जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू

**सुमेरपुर/पाली, 14 जनवरी ।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वेरावल-गांधीनगर केपिटलझ्रदौलतपुर चौक एक्सप्रेस रेलसेवा को जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक श्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को जवाई रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 19411/19412 वेरावल-गांधीनगर केपिटलझ्रदौलतपुर चौक सोमनाथ एक्सप्रेस रेलसेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही रेलगाड़ी के पायलट व को-पायलट का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर डीआरयूसीसी सदस्य पूनाराम भायल व श्याम अग्रवाल, जैडआरयूसीसी सदस्य विनोद पारख, मण्डल अध्यक्ष रविकांत गोयल, सांसद के निजी सहायक डीआर चौधरी, जिला मंत्री पूनम सिंह परमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश बोहरा व महेंद्र माली, सीनियर डीआरएम, अजमेर कैप्टन मीहिरदेव, एसडीएम कालूराम कुम्हार सहित रेलवे अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



**प्रधानमंत्री, रेल मंत्री व सांसद का आभार**

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जवाई रेलवे स्टेशन पर इस महत्वपूर्ण रेलसेवा के ठहराव से सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र सहित जवाई बांध के यात्रियों, व्यापारियों एवं पर्यटकों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से यह ट्रेन व्यापार, रोजगार और आवागमन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। श्री कुमावत ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व पाली सांसद श्री पीपी चौधरी का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में देशभर में रेल सेवाओं का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। वहीं, सांसद के प्रयासों से पाली जिले को रेलवे सहित अनेक विकास कार्यों की सौगात मिली है। आधुनिक रेल नेटवर्क, नई ट्रेनों की शुरूआत, स्टेशनों का उन्नयन और यात्री सुविधाओं में निरंतर विस्तार इसका प्रमाण है।

**दस वर्ष में जवाई बांध स्टेशन पर हुए अभूतपूर्व विकास कार्य : कुमावत**

कैबिनेट मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए विगत दस वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण रेल एवं विकास परियोजनाओं की सौगातें मिली हैं, जिससे आमजन की वर्षों पुरानी अपेक्षाएं पूरी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में कुल आठ रेलगाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित हुआ है। इसके अलावा जवाई बांध पर 1 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से दो लिफ्ट लगाई जा रही हैं। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 6.29 करोड़ रुपए की लागत से अनेक विकास कार्य प्रगतिरत हैं। वहीं, इस स्टेशन पर केंद्र सरकार की ओर से कई और कार्य करवाकर रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।

श्री कुमावत ने दोहराया कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य हो रहा है। मंत्री कुमावत ने विश्वास व्यक्त किया कि यह रेल ठहराव भविष्य में स्थायी रूप लेगा और क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यटन विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस दौरान ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने व स्टेशन पर विकास कार्य करवाने पर जवाई बांध रिक्शा युनियन ने मंत्री जोराराम कुमावत का आभार जताया तथा इस खुशी में 15 किलो लड्डु वितरित किए।

## कर्मचारी नेता बाबूलाल शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने

**देश का दर्पण न्यूज**
**डी सी शर्मा**



जयपुर,सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने आदेश जारी कर बाबूलाल शर्मा जयपुर जिला अध्यक्ष को सर्व ब्राह्मण महासभा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने के आदेश जारी किए हैं,

पंडित सुरेश मिश्रा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शर्मा पिछले 30 वर्षों से समाज की सेवा कर रहे हैं शर्मा जलदाय विभाग में कर्मचारी नेता होने के साथ-साथ समाज को भी पूरा समय दे रहे हैं और बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं इन्होंने समाज को संगठित करने में और समाज के हर आंदोलन में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है चाहे वह आरक्षण आंदोलन का मामला हो या फिर ब्राह्मण समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय हो रहा है तो उसके साथ भी खड़े रहे, ऐसे कर्मठ नेता को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाने से सर्व ब्राह्मण महासभा मजबूत होगी,

## श्याम सेवा समिति ने 14 वर्षों से निरंतर मकर संक्रांति के अवसर पर पाशुपतिनाथ गौशाला शाहपुरा में 11 कट्टे पशुआहार एवं 5 कट्टे गुड़ भेंट किए

**सुरज वर्मा**



**शाहपुरा** शहर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्याम सेवा समिति ने गौसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। समिति द्वारा पिछले 14 वर्षों से निरंतर मकर संक्रांति के अवसर पर गौसेवा का यह पुण्य कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी शाहपुरा स्थित पाशुपतिनाथ गौशाला शाहपुरा में 11 कट्टे पशुआहार एवं 5 कट्टे गुड़ भेंट किए गए। साथ ही नंदी गौशाला फुलिया गेट 2 कट्टे गुड व शिवशक्ति गो शाला तहनाल मै 5 कट्टे पशुआहार व 3 कट्टे गुड़ का सहयोग प्रदान किया गया।

समिति सदस्यों ने बताया कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और श्याम सेवा समिति बीते 14 वर्षों से सेवा, समर्पण और श्रद्धा के साथ यह कार्य करती आ रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समिति इसी प्रकार समाज सेवा और गौसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।

गौशाला प्रबंधन ने समिति के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सहायता से गौमाताओं के भरण-पोषण में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने समिति की इस सेवा भावना की सराहना की।

## सड़कें बदहाल, ग्रामीणों को हो रही परेशानी रूपाहेली से खारड़ा सड़क समेत कई मार्ग - जर्जर, बिना मानसुन में भी पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है

**सुरज वर्मा**



**रायला** ग्रामीण क्षेत्र में सड़कें सरकारी ने विकास के दावों की पोल खोल रही है। रुपाहेली से खारड़ा, गांगलास से करियाला, रायला से उदलपुरा, । गांगलास से खारड़ा जैसे कई मार्ग ऐसे है जहां सड़कों पर बड़े-बड़े गड्?ढ़ों से वाहन चालकों के साथ ही पैदल आने जाने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब 10 साल पहले बनी गांगलास से खारड़ा की तीन किलोमीटर सड़क अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। वहीं गांगलास से रूपाहेली तक आजादी के बाद से कभी सड़क नहीं बनी। इन सड़कों से भीलों का खेड़ा, करियाला, मोती बोर का खेड़ा, ईरांस, रामपुरिया, पाटियों का खेड़ा जैसे कई गांव जुड़े है, लेकिन स्थानीय लोग अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। समाज सेवी मनीष कुमार सुवालका ने बताया कि चुनावों में जनप्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण का वादा किया था, लेकिन जीतने के बाद किसी ने मुड़कर नहीं देखा। सरकार में विधायक, सांसद और भाजपा सरकार होने के बावजूद सड़क निर्माण को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। गांगलास से रूप्पाहेली मार्ग करीब 6-7 गांवों को जोड़ता है, जहां की आबादी करीब 10 हजार है। बिन बारिश के मौसम में इन सड़कों पर पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बीजेपी विधायक और सांसद को कई बार ज्ञापन और मौखिक रूप से शिकायत दी गई, लेकिन सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## जयपुर शहर हेरिटेज जिला अध्यक्ष वसीम कुरैशी द्वारा कार्यकारिणी घोषित,




**अखिल भारतीय** कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालजी भाई देसाई एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेम सिंह शेखावत की मंशा के अनुरूप तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश विश्नोई के निदेर्शानुसार जयपुर शहर जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड हेरिटेज के जिला अध्यक्ष श्री वसीम कुरेशी ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।

इस अवसर पर श्री कुरेशी ने कहा कि आने वाले समय में कार्यकारिणी के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

घोषणा के बाद संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया।

गौतम सेन उपाध्यक्ष,

हसीन खान उपाध्यक्ष, मोहम्मद जुनेद महासचिव, हरीश बैरवा महासचिव नाजिम कुरैशी महासचिव, हर्षिता भटनागर महासचिव, फैजान खान महासचिव

समीर हुसैन जिला सचिव, राजकुमार जिला सचिव सहित नियुक्तियां की गई ।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पतंग उड़ाकर किया पतंग उत्सव का शुभारंभ

**जयपुर, 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मकर संक्रांति के पर्व पर जल महल की पाल पर पतंग उत्सव (काइट फेस्टिवल) का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं भी पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति पर्व की परंपरा में सहभागिता निभाई।

मुख्यमंत्री ने इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित पतंगों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने लोक-कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि



यह पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा का प्रतीक है। पतंग महोत्सव जैसे आयोजन प्रदेश की लोक संस्कृति, रचनात्मकता एवं सामाजिक चेतना को मजबूती देने के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा देते हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निदेर्शों पर इस वर्ष राज्य के समस्त सात संभाग स्तर एवं जैसलमेर व माउंटआबू में पतंग उत्सव का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में जलमहल की पाल पर आयोजित पतंग उत्सव में रंग-बिरंगी पतंगों, पारंपरिक उल्लास एवं देशी-विदेशी पर्यटकों का संगम दिखाई दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, विधायक श्री बालमुकुंदाचार्य, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री प्रवीण गुप्ता, पर्यटन आयुक्त श्रीमती रूकमणी रियाड़ सहित अन्य अधिकारी, देशी-विदेशी पर्यटक और आमजन उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी की समीक्षा बैठक संपन्न, चुनावी तैयारियों और संगठन विस्तार पर जोर



**सुरज वर्मा**

**मांडलगढ़/कोटड़ी** में भीम आर्मी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन की मजबूती, सामाजिक जागरूकता और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सुरेश मेघवंशी ने कहा कि भीम आर्मी भाईचारा बनाओ यात्रा के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि आने वाले चुनावों में कमर कसकर मैदान में उतरना होगा और बाहुबल व पैसे के दम पर राजनीति करने वालों के सामने मजबूत फील्ड तैयार करनी पड़ेगी।मेघवंशी ने कहा कि बहुजन महापुरुषों के आंदोलनों और उनकी विचारधाराओं को घर-घर तक पहुंचाना भीम आर्मी की प्राथमिकता है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज डीडवानिया ने कहा कि वोट की ताकत सबसे बड़ी ताकत है, जो बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बहुजन समाज को दी है।

अब समय आ गया है कि इस ताकत का सही और जागरूक उपयोग किया जाए।जिला उपाध्यक्ष दुर्गा लाल बैरवा ने कहा कि भीम आर्मी हमेशा शोषित, पीड़ित और अत्याचार के खिलाफ खड़ी रही है और आगे भी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा।बैठक में भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल बैरवा एसपी विधायक प्रतियाशी बैरवा आजाद समाज पार्टी विधानसभा प्रभारी ओमप्रकाश रैगर जहाजपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल मेघवंशी मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश खटीक मांडलगढ़ ब्लॉक सचिव सुरेश चंद्र रैगर विकाश खटीक कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष सावर लाल बैरवा उपध्यक्ष दिनेश कुमार मेघवंशी काछोला ब्लॉक अध्यक्ष जय किशन आदि सैकड़ों कार्य करताओ ने अपना विचार विचार विमर्श किया जय भीम जय संविधान जय जोहार जय लोकतंत्र आदि नारे से आसमान गज उठा। कार्यकताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और सामाजिक न्याय के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक Bharat Raj का ऐतिहासिक सम्मान



**जोधपुर ।** अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश एवं राजस्थान का नाम रोशन करने वाले प्रख्यात बांसुरी वादक Bharat Raj एवं उनकी बैंड“Sound of Souls” के सम्मान में जोधपुर में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल एक कलाकार के सम्मान का अवसर रहा, बल्कि जोधपुर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और युवा प्रतिभाओं के गौरव का प्रतीक भी बना।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर संगीत जगत के शिखर पुरुष भारत रत्न पंडित हरिप्रसाद चौरसिया द्वारा जोधपुरवासियों के नाम भेजा गया शुभकामना संदेश कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रहा। वहीं ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पंडित राकेश चौरसिया ने भी Bharat Raj को अपना स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करते हुए आचार्य अचलानंद जी महाराज का विशेष आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। साथ ही समाज और राजनीति जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।

सम्मान समारोह के उपलक्ष्य में परिवारजनों—नाना-नानी, दादा-दादी सहित समस्त परिजनों की उपस्थिति में लगभग 3 किलोमीटर लंबी विजय यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ओल्ड कैंपस तक पहुँची। वहाँ पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ भव्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर BJP जिला अध्यक्ष गौरव जैन, BJP पार्षद सुमन सेन, धीरज सेन, संजय पवार, इखढ युवा मोर्चा के महामंत्री, सुशीला माकवाना सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियाँ उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों न`Bharat Raj की संगीत साधना, लगन और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप मोमेंटो भेंट किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह के अंत में वक्ताओं ने कहा कि`Bharat Raj जैसी प्रतिभाएँ न केवल संगीत जगत को नई ऊँचाइयाँ देती हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनती हैं। यह संपूर्ण आयोजन एक कलाकार के सम्मान से बढ़कर जोधपुर की सांस्कृतिक विरासत, संगीत प्रेम और युवा प्रतिभा के उत्सव के रूप में शहरवासियों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान की अहमियत एवं वर्तमान स्थिति पर 18 को होगा सेमिनार, कई प्रबुद्धजन करेंगे पत्रवाचन

**टोंक।** हाईवे के समीप राज मिडवे पर मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान की अहमियत एवं वर्तमान हालात विषय पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन रविवार को सुबह साढे 9 बजे होगा। कार्यक्रम में कई क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजन मौजूद रहेंगे। सेमिनार में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी जाकिर हुसैन मुख्य अतिथि एवं रिटायर्ड जज अयूब खान की अध्यक्षता एवं मौलवीं सईद साहब की संरक्षण में ये सेमिनार आयोजित होगा। इसमें प्रबुद्धजन संस्थान के योगदान पर जोर देते हुए अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस मौके पर टोंक प्रोग्रेसिव कमेटी के संयोजक एवं संरक्षक सरताज अहमद एडवोकेट, सदर मुफ्ती आदिल नदवी, समाजसेवी राजेंद्र गोयल, सेठ मोइनुद्दीन निजाम, पूर्व सभापति अली अहमद, लक्ष्मी जैन, अशोक बैरवा, ...... आदि मुख्य रुप से मौजूद रहेंगे।

संस्थान की ऐतिहासिक अहमियत :

मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान की निदेशालय के रुप में स्थापना वर्ष 1978 में राजस्थान सरकार द्वारा की गई थी। शुरू में इसे 'निदेशालय अरबी फारसी शोध संस्थान' के नाम से जाना जाता था, जिसे बाद में 1981 में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम पर समर्पित किया गया। संस्थान टोंक की पूर्व रियासत की समृद्ध तहजीबी विरासत का प्रतीक है। यहां मौजूद संग्रह में 8,000 से अधिक दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथ (मैनुस्क्रिप्ट्स), 27,000+ मुद्रित पुस्तकें, हजारों पुराने फरमान, दस्तावेज और भूतपूर्व रियासत टोंक के महकमा शरीअत के 65,000 से ज्यादा फैसले शामिल हैं। यहां दुनिया की सबसे बड़े साइज की कुरआन सहित ये संस्थान महाभारत, रामायण सहित कई अन्य धार्मिक एवं सामाजिक ग्रंथों के फारसी अनुवाद और मध्यकालीन इस्लामी साहित्य तक का अनमोल खजाना संजोए हुए हैं।

देश-विदेश के 50 से अधिक देशों के शोधार्थी यहां आ चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति, प्रमुख विद्वान और कई वीवीआईपी इस संस्थान का दौरा कर चुके हैं।

## मकर संक्रांति व एकादशी के पावन संयोग पर हाथोज धाम में भव्य आयोजन, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम*

**देश का दर्पण न्यूज**
**जयपुर (हाथोज धाम कालवाड़)।**



श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम, कालवाड़ जयपुर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर धार्मिक आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष रूप से आकर्षक पतंग झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में तिल-गुड़ व फिनी का विशेष प्रसाद ठाकुर जी महाराज एवं बालाजी महाराज को अर्पित कर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। पर्व के दौरान प्रातःकाल से ही हाथोज धाम में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ती रही।

हाथोज धाम पीठाधीश्वर स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि इस वर्ष मकर संक्रांति और एकादशी का दुर्लभ संयोग एक साथ पड़ने से पर्व का धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व सनातन संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ समाज में सेवा, करुणा और सद्भाव का संदेश देते हैं।

धार्मिक आयोजन के साथ-साथ गौसेवा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। हाथोज धाम स्थित गौशाला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चारा, गुड़ एवं धान अर्पित कर गौमाता की सेवा की। वहीं सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए कच्ची बस्तियों में निवासरत जरूरतमंद बच्चों को पतंग व चरखी वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी झलक उठी।


## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा आर्मी डे परेड में होंगे शामिल



**जयपुर, 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा गुरुवार (15 जनवरी) को 78वें सेना दिवस के अवसर पर जयपुर में जगतपुरा के महल रोड पर आयोजित होने वाली ह्यआर्मी डे परेडह्न में शामिल होंगे। श्री शर्मा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले ह्यशौर्य संध्याह्न कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 78वें सेना दिवस पर आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड में भारतीय सेना द्वारा अत्याधुनिक हथियारों और रक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हुए



**जयपुर, 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा बुधवार को नींदड़ में जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के जन्मदिवस कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल हुए। उन्होंने जगद्गुरु को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राम हमारे रोम-रोम में बसते हैं। जयपुर में श्रीराम कथा का आयोजन हम सबके जीवन का पुनीत संयोग है। इससे राम नाम की महक चारों ओर फैली हुई है तथा हनुमान चालीसा के पवित्र स्वर और वेद मंत्रों की गूंज हर जगह सुनाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु इस युग के महान विद्वान, तपस्वी और रामभक्त हैं।

**जगद्गुरु ने देश-दुनिया में हमारी संस्कृति को मजबूत बनाया**

श्री शर्मा ने कहा कि जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने तप से देश-दुनिया में हमारी संस्कृति को मजबूत बनाया है और ज्ञान की ज्योति जलाई है। उन्होंने भगवान श्रीराम के नाम को हर घर, गांव और शहर तक पहुंचाने का प्रण लिया है। चित्रकूट की पावन भूमि से लेकर देश-दुनिया तक जगद्गुरु श्रीराम कथा के माध्यम से राम नाम की अमृत वर्षा करते हैं।

## मुख्यमंत्री निवास पर पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया

**मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया और लोक परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इन्हें सहेजने का संदेश दिया ।

इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूर्य के उत्तरायण होने पर मनाए जाने वाला यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है तथा यह हम सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

# मकर संक्रांति महोत्सव में बिखरी सांस्कृतिक उल्लास की खुशबू

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,** 14 जनवरी 2026 बुधवार को कला और संस्कृति विभाग, बिहार पटना और जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

दिनांक 14 जनवरी 2026 बुधवार को वी एम इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव में सांस्कृतिक उल्लास की खुशबू बिखरी।

कला और संस्कृति विभाग बिहार, पटना और जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ।

आयोजन के मुख्य अतिथि सिवान के जिला पदाधिकारी श्री विवेक रंजन मैत्रेय रहे।

जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के साथ जिला के वरीय पदाधिकारी गणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियों ने भी लुभाया।

मौके पर पतंगबाजी उत्सव का भी आयोजन हुआ।जिसमें जिला पदाधिकारी के साथ जिले के वरीय पदाधिकारीगण ने शिरकत किया।



सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों सहित नगर के गणमान्यजन और बच्चे भी उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति महोत्सव का विधिवत प्रारंभ जिलाधिकारी, सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के साथ अन्य आगत अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कला और संस्कृति विभाग की प्रभारी पदाधिकारी शालू कुमारी द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया।

स्थानीय कलाकारों द्वारा स्वागत गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक उत्सव जीवन में उल्लास और उमंग के समावेश का संदेश देता है। मकर संक्रांति प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। हमें स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति संजीदगी और गंभीरता दिखानी चाहिए।

साक्षी शर्मा के नेतृत्व में कण ?प्रिय स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।नृत्य शिक्षिका श्वेता श्रीवास्तव के निर्देशन में सरस्वती वंदना लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। लोक गायिका सुनीता साक्षी, मधुकर गिरी के गायन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को ऊंचाई दी।

दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल के एक्सटर्नल एक्सपर्ट गणेश दत्त पाठक ने मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व उत्तरोत्तर उन्नति, सामंजस्य और सकारात्मकता का संदेश देता है।

संगीत कला विकास परिषद्, सिवान द्वारा बाबली डे के नेतृत्व में मनोहारी झिझिया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। संचालन मनोरंजन सिंह ने किया।

## जोबनेर ग्रामीण क्षेत्रों में संत कृपानन्द महाराज का भव्य स्वागत किया गया



**संत कृपानन्द** आश्रम शिव कुटिया कालख बांध जोबनेर में ९फरवरी को सैकड़ों संत होंगे शामिल भक्ति रस से ९फरवरी को गूंजेगी संत कृपानन्द आश्रम शिव कुटिया कालख बांध जोबनेर कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी से कार्य में जुटे हुए हैं कोषाध्यक्ष मोहन लाल कुमावत ने बताया कि यह कार्यक्रम जयपुर ग्रामीण क्षेत्र सबसे बड़ा अखंड धूणा पूजन महायज्ञ कार्यक्रम होगा जिसमें में सैकड़ों संत होंगे इस कार्यक्रम में शामिल ओर 2100 महिलाऐं लगीं कलश यात्रा में हिस्सा इस कार्यक्रम को लेकर गांव ढाणी में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कुमावत ने कहा कि ९फरवरी को एक विशाल भण्डार का भी आयोजन किया जाएगा इस दौरान समिति अध्यक्ष रामकरण धुन्धारिया भागचंद दम्बीवाल सीता राम कुमावत अणतपुरा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## किन्नर समाज ने 251 कंबलों का वितरण किया गया



**देश का दर्पण.. दैनिक अखबार पत्रकार ..राकेश कोठेनिया**

**भरतपुर** ....जिले के नदबई कस्बे में किन्नर समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर 251 कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल देकर ठंड से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया अंबेडकर मूर्ति पर आयोजित हुए कार्यक्रम में किन्नर समाज द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कस्बे में पड़ रही भीषण सर्दी में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।पंचायत समिति परिसर में भी आयोजित कार्यक्रम में विधायक जगत सिंह द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। विधायक द्वारा किन्नर समाज की इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया गया।

## कांग्रेस संगठन को लेकर रतन जणवा ने जिलाध्यक्ष से की चर्चा



**देसूरी बाली** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रतन जणवा ने पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शिशुपालसिंह राजपुरोहित से संगठनात्मक विषयों को लेकर मुलाकात की जिलाध्यक्ष के बुलावे पर जणवा निम्बाडा ग्राम स्थित उनके निवास पहुंचे, जहां आगामी कार्यक्रमों, संगठन की मजबूती और जिले में कांग्रेस की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विचार-विमर्श किया गया इस दौरान किसान रामलाल चौधरी भी साथ थे इसके पश्चात रतन जणवा बूसी स्थित संत त्यागीजी महाराज के आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने संत त्यागीजी महाराज से आशीर्वाद लिया साथ ही नाडोल में बाल तपस्विनी अणछीबाई मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

## शाहबाद के जंगल को बचाने लिए राष्ट्रीय संत गोविंददेव महाराज को सौंपा ज्ञापन



**बारां,13 जनवरी।** शाहबाद जंगल बचाओ आंदोलन के अंतर्गत शाहबाद घाटी संरक्षण संघर्ष समिति बारां के प्रतिनिधिमंडल ने शाहबाद तहसील में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित हाइड्रो पावर प्लांट परियोजना के तहत 25 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए राष्ट्रीय संत और श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्ददेव गिरी महाराज से भेंट की। इस दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपा तथा प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की।

बारां में आयोजित हुई श्रीमदभागवत कथा के समापन के अवसर पर समिति के सदस्यों ने संत गोविंददेव महाराज से अनुरोध किया कि वे इस गंभीर पर्यावरणीय विषय पर प्रधानमंत्री का ध्यानाकर्षण करें। ज्ञापन में बताया गया कि ग्रीनको एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद की इस परियोजना से शाहबाद घाटी के जंगल सहित जैव विविधता, वन्यजीव एवं स्थानीय जनजीवन को अपूरणीय नुकसान होगा।

ज्ञापन पर सहमति व्यक्त करते हुए महाराज ने कहा किह्न पर्यावरण संरक्षण आज केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रचारित ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व योजना का उल्लेख करते हुए कहा किह्न एक ओर वृक्षारोपण की बात की जा रही है, वहीं दूसरी ओर विकास के नाम पर लाखों पेड़ों की कटाई की अनुमति देना नीतिगत विरोधाभास को दर्शाता है। महराज ने इस संदर्भ में केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए शाहबाद जंगल बचाओ आंदोलन को नैतिक समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने शाहबाद जंगल बचाओ आंदोलन के समर्थन में समिति द्वारा तैयार किए गए बैनर का विमोचन भी किया।

## एनएसएस शिविर में सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** शहीद सिपाही हरिचंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना-धौंस की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ योग, व्यायाम और ध्यान से किया गया। सुबह के सत्र में विद्यार्थियों को एक्सरसाइज के साथ योगासन एवं सूर्य प्राणायाम करवाया गया, जिसके बाद ध्यान सत्र आयोजित हुआ। मकर संक्रांति के अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स ने मकर संक्रांति के महत्व पर अपने विचार सांझा करते हुए भारतीय संस्कृति की गहराइयों को समझने का प्रयास किया। इसके पश्चात सुबह 11 बजे सभी स्वयंसेवक अपने कार्यक्रम अधिकारी व अध्यापकों के साथ बस में सवार होकर अशोका लीलैंड ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर, गढ़ीझपाडला (कैथल) पहुंचे। संस्थान के अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। सभागार में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता वीडियो दिखाए गए तथा पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। यह जानकारी राजबीर श्योकंद एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि भारत में हर वर्ष लगभग 1 लाख 77 हजार लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक है। दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में दोपहिया वाहन पर हेलमेट न पहनना, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, शराब पीकर वाहन चलाना तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना शामिल हैं। साथ ही ट्रैफिक लाइट, जेबरा क्रॉसिंग, ग्रीन, येलो व रेड सिग्नल, यू-टर्न, वन-वे सड़क, हॉर्न एवं अन्य यातायात संकेतों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर वॉलिंटियर रितिका, पलक, कुसुम, योगेश, सागर, रितिका, स्नेहा, जाह्नवी, शिवानी, काजल, सौरभ, सावन आदि ने प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया गया और सभी प्रतिभागी वापस शिविर स्थल पर लौटे। दोपहर में भोजन के उपरांत स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया तथा शिविर के अंतिम दिन की तैयारियों को लेकर अपने-अपने कार्यक्रम तय किए।

# मिशन मोड में करे सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के समस्या का समाधान: डीएम

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,** 14 जनवरी 2025 बुधवार को जिला पदाधिकारी, सिवान विवेक रंजन मैत्रेय ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मिशन मोड में उसे हल करने का निर्देश अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को दिया है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशनधारियों की विभिन्न समस्याएं हैं जैसे की खाता सुधार करना, बकाया भुगतान,जीवित लाभुकों का पेंशन बाधित होना, नाम सुधार, पेंशन स्कीम माइग्रेशन, आधार रिलीज इत्यादि।




उन्होंने सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर विकास मित्र पंचायत सचिव आंगनबाड़ी कर्मी तथा अन्य कर्मियों के माध्यम से पेंशनधारियों के समस्याओं को जानकर आवेदन प्राप्त किया जाए और उसे समाधान हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को प्रेषित कराया जाए।

सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग इन आवेदनों को नियमानुसार स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

इस कार्य में जन प्रतिनिधियों से भी आवश्यक सहयोग लिया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी ने अधिकतम 25 जनवरी तक डोर टू डोर आवेदन प्राप्त करने के कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया है। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को निदेश दिया गया है कि वो सभी प्रखंडों से पंचायतवार दैनिक प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए इसके प्रगति की समीक्षा करेंगे और जिला पदाधिकारी को इससे अवगत कराएंगे।

## रुदावल मन्दिर पर श्रद्धालुओ की जेब पार



**देश का दर्पण .दैनिक अखबार पत्रकार .राकेश कोठेनिया**

**भरतपुर** ...जिले के रुदावल कस्बे में ढंढार वाले हनुमान मंदिर पर दर्शन करने आये श्रद्धालुओ की जेब पर जेबकतरों ने जमकर हाथ साफ कर दिए। जेबकतरों द्वारा ब्रह्मबाद गांव निवासी राकेश गुर्जर की जेब से दो हजार रुपए एवं मई गांव निवासी अजीत की जेब से चार हजार रूपए की नकदी पार कर लेने सहित मौके फरार हो गए। आगरा से दर्शन करने आए एक श्रद्धालु की जेब से ?8000 हजार की नकदी पार कर ली गई थी। गत दिनों भी मन्दिर में लगे मेले के समय भी एक बोलोरो गाड़ी में लगी फोग लाइट को अज्ञात चोर खोल ले गया। मन्दिर परिसर में इन घटनाओं के बाद भी पुलिस व मन्दिर प्रशासन की अनदेखी से श्रद्धालुओं में नाराजगी देखी जा रही है। कर दिए। जेबकतरों द्वारा ब्रह्मबाद गांव निवासी राकेश गुर्जर की जेब से दो हजार रुपए एवं मई गांव निवासी अजीत की जेब से चार हजार रूपए की नकदी पार कर लेने सहित मौके फरार हो गए। श्रद्धालु की जेब से ?8000 हजार की नकदी पार कर ली गई थी। गत दिनों भी मन्दिर में लगे मेले के समय भी एक बोलो. रो गाड़ी में लगी फोग लाइट को अज्ञात चोर खोल ले गया। मन्दिर परिसर में इन घटनाओं के बाद भी पुलिस व मन्दिर प्रशासन की अनदेखी से श्रद्धालुओं में नाराजगी देखी जा रही है।

## आदर्श गौरव और शनाया कपूर देंगे वैलेंटाइन पर 'डेट फ्राइट', बेजय नांबियार की ह्यतू या मैं' का टीजर रिलीज!*




**जित मुंबई:-** वैलेंटाइन वीक को आमतौर पर रोमांटिक फिल्मों का सीजन माना जाता है, लेकिन साल 2026 में यह ट्रेंड बदलने जा रहा है। निर्देशक बेजय नांबियार की अपकमिंग सर्वाइवल थ्रिलर 'तू या मैं' का टीजर रिलीज हो चुका है, जो यह साफ संकेत देता है कि इस बार प्यार के साथ डर भी बराबर का हिस्सा होगा। फिल्म में आदर्श गौरव और शनाया कपूर पहली बार एक साथ नजर आएंगे और उनका यह फ्रेश पेयर दर्शकों के लिए एक बिल्कुल अलग अनुभव लेकर आ रहा है।

करीब एक साल पहले सामने आए टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो ने ही फिल्म को लेकर अच्छी-खासी चर्चा पैदा कर दी थी। अब रिलीज हुए टीजर ने उस एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है।

टीजर की शुरूआत दो कंटेंट क्रिएटर्स से होती है, जो अलग-अलग सोच, बैकग्राउंड और पर्सनैलिटी से आते हैं। एक को नए अनुभव और एडवेंचर की तलाश है, तो दूसरा क्लाउट और कंटेंट के पीछे भागता दिखता है। दोनों का साथ आना शुरूआत में एक मजेदार कोलैबोरेशन लगता है, लेकिन हालात उस वक्त पलट जाते हैं जब उनका सामना एक खतरनाक मगरमच्छ से होता है।

## पातेपुर में जल्द शुरू होगा डिग्री कालेज का निर्माण कार्य मंत्री लखेंदर पासवान




**देश का दर्पण न्यूज(बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

अब जंगल राज की पुनरावृत्ति एवं गुण्डा राज कभी नहीं आएगा नही कभी लालटेन जलेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चौतरफा विकास हो रहा है पातेपुर भी विकास की अग्रसर है यहां एक भी सरकारी डिग्री कालेज नहीं थी बिहार सरकार ने पातेपुर में डिग्री कालेज के लिए मंजूरी दे दी है अब यहां जल्द डिग्री कालेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।उक्त बातें बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री सह पातेपुर विधायक लखेंदर कुमार रौशन ने पातेपुर स्थित एनडीए कार्यालय में मकरसंक्रांति के अवसर पर आयोजित दही चुरा भोज कार्यक्रम समारोह को संबोधित करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी सबको साथ लेकर चलने के के कारण ही है सबका साथ सबका विकास के साथ भाजपा एवं एनडीए काम करती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश कुमार विभु ने की इस अवसर पर भाजपा उत्तरी जिलाध्यक्ष अजबलाल साह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुखिया दीलीप कुमार ,बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, हम के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ पटेल, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, जयलाल सहनी, बिंदेश्वर राय, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा, रालोसपा नेता पुर्व मुखिया इंजिनियर मनोज कुमार, नथुनी सिंह, राजकुमार सिंह, भाजपा नेता मोहम्मद असगर अली, मोहम्मद असलम, कपिलेश्वर राय, मुनि देवी, मुखिया सुंदरेश्वर पासवान, राजेश पासवान, शिवचंद्र राय, शिवचंद्र राम, आदि के साथ ही भारी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## ममता बनर्जी का चुनाव आयोग और भाजपा पर बड़ा आरोप, अकसे मतदाता नाम हटाने और 84 मौतों का दावा

**कोलकाता (पी एम ए)** पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस वक्त एक बड़ा भूचाल आ गया जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर बेहद सनसनीखेज आरोप लगाए. मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के बीच साठगांठ का दावा करते हुए कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) की प्रक्रिया के दौरान अब तक 84 लोगों की जान जा चुकी है और इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा और चुनाव आयोग जिम्मेदार हैं. ममता बनर्जी ने तकनीकी मोर्चे पर एक कदम आगे बढ़ते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का दुरुपयोग कर रहा है ताकि वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकें. उनके अनुसार यह बंगाल के मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की एक सोची-समझी और समन्वित साजिश है जिसका उद्देश्य आगामी चुनावों के परिणामों को प्रभावित करना है.

मुख्यमंत्री का यह बयान राज्य में एक बड़े संवैधानिक संकट की ओर इशारा करता है क्योंकि उन्होंने चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. ममता बनर्जी ने मौतों का विवरण देते हुए बताया कि आज सुबह तक कुल 84 लोगों की मृत्यु हुई है जिसमें से 4 लोगों ने आत्महत्या की है जबकि 17 लोगों की जान एसआईआर नोटिस मिलने के बाद सदमे से आए ब्रेन स्ट्रोक या हार्ट स्ट्रोक के कारण गई है।

# *होली का पर्व माता भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता प्रजापति की देनतेजाराम

**मेड़ता सिटी(लक्ष्मीनारायण वैष्णव)** / सनातन संस्कृति में होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सत्य की विजय, भक्ति की महिमा और अन्याय के अंत का प्रतीक है। यह पर्व उस महान नारी तपस्विनी की स्मृति से जुड़ा है, जिन्हें संसार माता भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता प्रजापति के नाम से जानता है। जिनकी जन्मभूमि हिरण्यकश्यप की राजधानी मुल्तान मानी जाती है और जिनकी तपस्या ने इतिहास की धारा मोड़ दी।




श्री श्रीयादे माता प्रजापति केवल एक भक्त नहीं थीं, वे भक्ति, करुणा और सत्य की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भगवान विष्णु की आराधना में अर्पित किया। उनकी साधना इतनी प्रभावशाली थी कि स्वयं बालक प्रह्लाद उनसे प्रेरित हुआ। प्रह्लाद ने उन्हें अपना गुरु माना और उन्हीं की शिक्षाओं के आधार पर सत्य और भक्ति के मार्ग पर अडिग होकर चल पड़ा।

जब हिरण्यकश्यप का अत्याचार चरम पर पहुंचा और उसने अपने ही पुत्र प्रह्लाद को ईश्वर भक्ति से रोकने का प्रयास किया, तब प्रह्लाद ने गुरु स्वरूपा श्री श्रीयादे माता की दी हुई सीख को हृदय में धारण कर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया।

## मकर संक्रांति पर दिल्ली को बड़ी सौगात, सीएम रेखा गुप्ता ने 81 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली (पी एम ए)** मकर संक्रांति के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को बड़ी सौगात दी है। बुधवार को उन्होंने दिल्ली भर में 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए केंद्रों के शुरू होने से दिल्ली के नागरिकों को उनके घर के पास ही बेहतर, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इससे पहले दिल्ली में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से ही काम कर रहे थे। अब 81 नए केंद्र जुड़ने के बाद राजधानी में कुल 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, "आज मकर संक्रांति के दिन 81 नए आरोग्य मंदिर शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही दिल्ली के लोगों को अधिक आरामदायक और आसानी से उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।"

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तरह काम करते हैं और दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# जिला परिवहन कार्यालय, सिवान के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के जरिए जगत अभियान चलाया गया

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,**14 जनवरी 2026 मंगलवार को विदित है कि दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक सिवान जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है।*

इसके तहत पूरे माह जिला परिवहन कार्यालय सिवान के द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

आज 14 जनवरी 2026 को इसी क्रम में 14 वें दिन सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के जरिए आमजनों को मनमोहक प्रस्तुति के जरिए जागरूक किया गया।

आज के दिन विशेष रूप से ल्टरफ्द्ध नंबर प्लेट की जांच विशेष रूप से यातायात उपाधीक्षक ,मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक एवं सभी चलंत दस्ता सिपाहियों के द्वारा किया गया।

इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी अमर ज्योति ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत सिवान जिले में पूरे महीने विविध तरह की गतिविधियों का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय, सिवान के द्वारा किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह में आम जनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी रोचक ढंग से दी जा रही है।

जिला पदाधिकारी, सिवान श्री विवेक रंजन मैत्रेय ने बताया कि यातायात में सुरक्षा के नियमों के प्रति आम लोगों को जागरूक करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। विशेष रूप से युवा वाहन चालकों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल देते हुए जिला पदाधिकारी ने बताया कि ऐसा देखा जा रहा है की सड़क दुर्घटना में ज्यादातर युवाओं की लापरवाही सामने आ रही है।

सड़क सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का सुदृढ़ता से अनुपालन अति आवश्यक है।

# मकर संक्रांति पर दिल्ली को बड़ी सौगात, सीएम रेखा गुप्ता ने 81 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली (पी एम ए)** मकर संक्रांति के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को बड़ी सौगात दी है। बुधवार को उन्होंने दिल्ली भर में 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए केंद्रों के शुरू होने से दिल्ली के नागरिकों को उनके घर के पास ही बेहतर, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इससे पहले दिल्ली में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से ही काम कर रहे थे। अब 81 नए केंद्र जुड़ने के बाद राजधानी में कुल 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, "आज मकर संक्रांति के दिन 81 नए आरोग्य मंदिर शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही दिल्ली के लोगों को अधिक आरामदायक और आसानी से उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।" मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तरह काम करते हैं और दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि ये केंद्र बड़े अस्पतालों पर बढ़ते दबाव को कम करेंगे और आम लोगों की रोजमर्रा की स्वास्थ्य जरूरतों को समय पर पूरा करने में मदद करेंगे। अब नागरिकों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर बड़े अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा।

रेखा गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य पूरे शहर में कुल 1,100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने का है और इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। आने वाले महीनों में और भी केंद्र शुरू किए जाएंगे।

इस मौके पर भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि जिस तरह से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है, वह सराहनीय है।

उन्होंने बताया कि भीम नगर और मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में यह आठवां आरोग्य मंदिर है और यहां दो और आरोग्य मंदिर बनाए जाने हैं।

एक दिन पहले दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने भी इस योजना को लेकर अहम जानकारी दी थी।

उन्होंने कहा था कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विस्तार से दिल्ली में सुलभ और निवारक स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 81 नए केंद्र जुड़ने के बाद दिल्ली में कुल आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह पहल राजधानी के दीर्घकालिक प्राथमिक स्वास्थ्य रोडमैप के तहत की जा रही है, जिसके तहत 1,100 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'सभी के लिए स्वास्थ्य' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप काम कर रही है।पंकज कुमार सिंह ने बताया कि हर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मुफ्त डॉक्टर परामर्श, जरूरी दवाइयां और जांच की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैंसर की स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, लाइफस्टाइल काउंसलिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, योग और पोषण से जुड़ी सलाह भी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि ये मोहल्ला स्तर के स्वास्थ्य केंद्र महिलाओं, बुजुर्गों और गरीब परिवारों के लिए बेहद लाभकारी होंगे, क्योंकि इससे उन्हें लंबी दूरी तय करने और अस्पतालों की लंबी कतारों से राहत मिलेगी।

## लोकसभा अध्यक्ष ने की केन्या, मालदीव, त्रिनिदाद-टोबैगो और सेशेल्स के संसदीय प्रतिनिधियों से मुलाकात

**नई दिल्ली (पी एम ए)**

राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने केन्या, मालदीव, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा सेशेल्स के संसदीय प्रतिनिधियों से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों और संसदीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर इन मुलाकातों की जानकारी साझा करते हुए भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक जुड़ाव को बताते हुए भविष्य में इन देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर प्रतिबद्धता जताई। ओम बिड़ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केन्या की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष डॉ. मोसेस मसिका वेटांगुला से मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि उनके साथ गर्मजोशी पूर्ण चर्चा हुई। उन्होंने भारत और केन्या के साझा ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र करते हुए महात्मा गांधी के अफ्रीका प्रवास और केन्या में गुजराती समुदाय के योगदान पर चर्चा के बारे में बताया। बिड़ला ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध अब बहुआयामी साझेदारी में बदल चुके हैं, जिसमें उच्चस्तरीय यात्राएं, व्यापार-निवेश और जनसंपर्क शामिल हैं। बिड़ला ने एक अन्य पोस्ट में मालदीव की पीपुल्स मजलिस के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से मुलाकात में भारत-मालदीव के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला से रक्षा, सुरक्षा, आधारभूत संरचना और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत संसद अपने एआई-सक्षम नवाचारों, बहुभाषी वास्तविक समय अनुवाद प्रणाली और डिजिटल संसदीय प्रक्रियाओं का अनुभव मालदीव के साथ साझा करने को तैयार है। एक अन्य पोस्ट में त्रिनिदाद और टोबैगो की हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के अध्यक्ष जगदेव सिंह से बातचीत का जिक्र करते हुए बिड़ला ने कहा कि दोनों देशों के ऐतिहासिक जुड़ाव और उच्चस्तरीय आदान-प्रदान किया। औषधि क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने, नए बाजार खोलने और व्यापार विस्तार पर चर्चा हुई। उन्होंने क्रिकेट के माध्यम से दोनों देशों के गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए ब्रायन लारा के हस्ताक्षरित आत्मकथात्मक उपहार को विशेष स्मृति बताया। उन्होंने अन्य पोस्ट में सेशेल्स की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष अजरेल एर्नेस्टा से मुलाकात के बारे में बताते हुए उन्हें पहली महिला अध्यक्ष बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एर्नेस्टा ने भारत की सामाजिक, तकनीकी और आधारभूत प्रगति की सराहना की। ल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन यहां गुरुवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यह कार्यक्रम संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होगा, जिसकी अध्यक्षता ओम बिड़ला करेंगे। इसमें 42 राष्ट्रमंडल देशों और चार अर्ध-स्वायत्त संसदों के कुल 61 स्पीकर और पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे।

## रेल हादसा : चलती ट्रेन पर क्रेन गिरी, 22 लोगों की मौत; 30 से ज्यादा घायल

**नई दिल्ली (पी एम ए) थाईलैंड** की राजधानी बैंकॉक में एक भीषण रेल हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए. यह दुर्घटना तब हुई जब एक निमार्णाधीन परियोजना की क्रेन चलती ट्रेन के एक डिब्बे पर गिर गई, जिससे ट्रेन पटरी से उतर गई. खबरों के अनुसार, बैंकॉक से उत्तर-पूर्वी थाईलैंड जा रही यह ट्रेन नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हादसे का शिकार हुई. यह इलाका बैंकॉक से करीब 230 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है. ट्रेन उबोन रत्चथानी प्रांत की ओर जा रही थी. नाखोन रत्चासिमा के स्थानीय पुलिस प्रमुख थचापोन चिन्नावोंग ने बताया कि हादसे में 22 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हैं. घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, हाई-स्पीड रेल परियोजना पर काम के दौरान एक क्रेन अचानक गिर गई और गुजरती ट्रेन से टकरा गई. टक्कर के बाद ट्रेन के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए और उनमें कुछ देर के लिए आग भी लग गई. पुलिस ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## सरकार माता-पिता का ख्याल नहीं रखने वालों पर सख्त, कर्मचारियों की 15% सैलरी कटकर बुजुर्गों के खाते में होगी ट्रांसफर

**नई दिल्ली (पी एम ए)**

बुजुर्गों (माता-पिता) की अनदेखी करने वाले सरकारी कर्मचारियों पर नकेल कसने के लिए तेलंगाना सरकार एक ऐतिहासिक और मानवीय फैसला लेने जा रही है. मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट कर दिया है कि जो कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करेंगे, उनके वेतन से सीधे तौर पर कटौती की जाएगी.एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस प्रस्तावित कानून की रूपरेखा साझा की. उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में बुजुर्गों के प्रति गिरती जिम्मेदारी और उनके सम्मान को बचाने के लिए उठाया जा रहा है.

**वेतन से होगी 15 प्रतिशत तक कटौती**



मुख्यमंत्री के अनुसार, सरकार आगामी बजट सत्र में एक विशेष विधेयक पेश करने की तैयारी में है. इस कानून के लागू होने के बाद-

- जो कर्मचारी अपने माता-पिता की उपेक्षा करेंगे, उनके वेतन से 10 से 15 फीसदी की कटौती की जाएगी.

काटी गई यह राशि बिना किसी देरी के सीधे माता-पिता के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी.

सीएम ने कड़े शब्दों में कहा, जो लोग अपने जन्मदाताओं की देखभाल नहीं कर सकते, वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी कभी नहीं निभा पाएंगे.

**प्रणाम डे केयर सेंटर और सख्त कार्रवाई**

सरकार केवल वेतन कटौती तक ही सीमित नहीं रहेगी. वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के लिए अन्य घोषणाएं भी की गईं-

प्रणाम सेंटरः बुजुर्गों के लिए प्रणाम नाम से अत्याधुनिक डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे. त्वरित शिकायत निवारणः बुजुर्ग माता-पिता द्वारा अपने बच्चों के खिलाफ की गई शिकायतों पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

सम्मानजनक जीवनः सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य का हर बुजुर्ग गरिमापूर्ण जीवन जी सके।

## रेलवे में वीआईपी कोटे आवंटन का समय बदला, अब नियत समय के पहले करना होगा आवेदन

**रतलाम (पी एम ए)**

रेलवे ने आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की समय सीमा में बड़ा बदलाव किया है. रेलवे बोर्ड के निदेशों के तहत यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय में गत 11 जनवरी से आमूलचूल परिवर्तन किया गया है.ट्रेनों का आरक्षण चार्ट कम से कम 10 घंटे पहले तैयार करना शुरू कर दिया गया है. अब आपातकालीन कोटा आवंटन की समय सीमा में परिवर्तन के साथ ही आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन लेने की समय सीमा में भी परिवर्तन किया गया है. पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन का



समय फिक्स कर दिया गया है. इसके मुताबिक आवेदन नहीं करने पर कोटा आवंटन पर विचार नहीं किया जायेगा.

**ये है आवेदन करने की समय सारिणी**

- जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय सुबह 05:01 बजे से शाम 18:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पहले सुबह 11:30 बजे तक संबंधित बॉक्स में जमा करने होंगे.- जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय शाम 18:01 बजे से रात 23:59 बजे के मध्य है, उनकेलिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व पहले दोपहर 13:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं.- जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय अगले दिन रात 12:01 बजे से 05:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन दो दिन पहले दोपहर16:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं.

निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आपातकालीन कोटा के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## तालाब में 2 भाई समेत 4 लड़के डूबे, ठंड में चारों के शव अकड़े, मचा हड़कम्प

**प्रयागराज (पी एम ए)**

यूपी के प्रयागराज में दो सगे भाई समेत 4 लड़कों की तालाब में डूबने से मौत हो गई. मंगलवार शाम को चारों तालाब के पास खेल रहे थे. उसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश की, लेकिन, कुछ पता नहीं चला.

बुधवार 14 जनवरी की सुबह जब परिवार वाले तालाब के पास पहुंचे तो चप्पल और कपड़े मिले. जाल डालकर सर्च कराया तो सभी के शव मिल गए. इसके बाद परिवारों में कोहराम मच गया. हादसा पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर के पास कुसुआ गांव में हुआ है. मृतकों में 3 नाबालिग और एक 19 साल का लड़का है. पुलिस ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त मनौरी के हुसैनपुर के अहमदपुर पावन गांव के 19 साल के करन पुत्र राजेश सोनकर, 10 साल के प्रियांशु पुत्र संजीव और दो सगे भाई 10 साल का प्रिंस और 13 साल के प्रतीक के तौर पर हुई है. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

**चारों बच्चे मंगलवार से लापता थे**

चाचा रंजीत सोनकर ने बताया- मेरे चार भतीजे हैं. मंगलवार शाम को करीब साढ़े 3 बजे से गायब थे. उन्हें रात में 2 बजे तक खोजते रहे. गांव में भी खोजा. मेले में भी जाकर पता किया लेकिन कुछ पता नहीं चला. हमारे साथ गांव के लोग भी थे. जब कुछ पता नहीं चला तो घर आ गए. बुधवार सुबह फिर से उन्हें खोजने निकले. करीब 2 किलोमीटर दूर सुबह 9 से साढ़े 9 के बीच गांव के तालाब के पास कुछ कपड़े मिले और चप्पल मिले तो हम लोगों को शक हुआ.

# ममता बनर्जी का चुनाव आयोग और भाजपा पर बड़ा आरोप, एसआईआर से मतदाता नाम हटाने और 84 मौतों का दावा

**कोलकाता (पी एम ए)**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस वक्त एक बड़ा भूचाल आ गया जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर बेहद सनसनीखेज आरोप लगाए. मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के बीच साठगांठ का दावा करते हुए कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्क़) की प्रक्रिया के दौरान अब तक 84 लोगों की जान जा चुकी है और इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा और चुनाव आयोग जिम्मेदार हैं. ममता बनर्जी ने तकनीकी मोर्चे पर एक कदम आगे बढ़ते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का दुरुपयोग कर रहा है ताकि वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकें. उनके अनुसार यह बंगाल के मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की एक सोची-समझी और समन्वित साजिश है जिसका उद्देश्य आगामी चुनावों के परिणामों को प्रभावित करना है. मुख्यमंत्री का यह बयान राज्य में एक बड़े संवैधानिक संकट की ओर इशारा करता है क्योंकि उन्होंने चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. ममता बनर्जी ने मौतों का विवरण देते हुए बताया कि आज सुबह तक कुल 84 लोगों की मृत्यु हुई है जिसमें से 4 लोगों ने आत्महत्या की है जबकि 17 लोगों की जान एसआईआर नोटिस मिलने के बाद सदमे से आए ब्रेन स्ट्रोक या हार्ट स्ट्रोक के कारण गई है. उन्होंने भाजपा के नेतृत्व की तुलना महाभारत के पात्रों 'दुर्योधन और दुशासन' से करते हुए कहा कि इन मौतों की जिम्मेदारी उन्हें लेनी होगी. मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा के निर्देश पर एआई के जरिए नाम काटे जा रहे हैं और उनके पास ऐसी जानकारी है कि झारखंड, बिहार और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों से लोगों को बंगाल में लाकर मतदान कराने की योजना बनाई जा रही है. उन्होंने 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' (तार्किक विसंगतियां) नामक श्रेणी को पूरी तरह से फर्जी और संदिग्ध करार दिया जिसके तहत करीब 1.36 करोड़ मतदाताओं को सुनवाई का सामना करने के लिए मजबूर किया गया है.

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने बंगाल में बेहद लापरवाही और खराब योजना के साथ पुनरीक्षण कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप मतदाता सूची से लगभग 58 लाख नाम हटा दिए गए हैं. जब इतने बड़े पैमाने पर नामों की छंटनी से भी भाजपा का राजनीतिक उद्देश्य पूरा नहीं हुआ तो उन्होंने 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' जैसी नई श्रेणी ईजाद कर दी. ममता बनर्जी ने नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके मामले में भी 'एरोनेट' पोर्टल ने विसंगति का झंडा दिखाया क्योंकि उनकी और उनकी मां अमिता सेन की उम्र के बीच का अंतर 15 साल से कम पाया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में तैनात माइक्रो ऑब्जर्वर खुलेआम चुनावी अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं ताकि वे भाजपा द्वारा थोक में जमा किए गए फॉर्म-7 को स्वीकार करें और वास्तविक मतदाताओं के नाम काटे जा सकें. मुख्यमंत्री के अनुसार यह लोकतंत्र पर एक बड़ा हमला है जिसे डराने-धमकाने और संवैधानिक अधिकार के दुरुपयोग के माध्यम से अंजाम दिया जा रहा है. इस तीखे हमले के जवाब में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी पलटवार करने में देरी नहीं की और मुख्यमंत्री पर सरकारी कार्यालय का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया

## झूठ बोलना ममता बनर्जी की पुरानी आदत, महिलाएं ही करेंगी उनके खिलाफ मतदान: सुकांत मजूमदार

**कोलकाता (पी एम ए)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि इस बार राज्य की महिलाएं ममता बनर्जी के खिलाफ वोट करेंगी। सुकांत मजूमदार ने आईएएनएस से कहा कि ममता बनर्जी को झूठ बोलने की आदत बहुत पहले से है। किसी भी तरह से महिलाओं को निशाना बनाने का सवाल ही नहीं है। महिलाएं ही इस बार ममता बनर्जी के खिलाफ वोट करने जा रही हैं। राज्य की महिलाएं मौजूदा हालात से चिंतित हैं और बदलाव चाहती हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि महिलाओं को इस बात का डर है कि कहीं पश्चिम बंगाल की स्थिति बांग्लादेश जैसी न हो जाए। उन्होंने दावा किया कि इसी आशंका के चलते महिलाओं ने मन बना लिया है कि वे ममता बनर्जी के खिलाफ मतदान करेंगी। राज्य की जनता, खासकर महिलाएं, अब सच्चाई को समझ रही हैं।

सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अनाप-शनाप बोलना ममता बनर्जी की आदत बन चुकी है। इस बार पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी को सबक सिखाने वाली है। लोग अब मौजूदा सरकार से परेशान हो चुके हैं और बदलाव की दिशा में कदम उठाएंगे।

दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि चुनाव आयोग ने एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल कर मतदाता सूची से नाम काटे हैं।

इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए सुकांत मजूमदार ने कहा कि एआई का इस्तेमाल करना कोई अपराध नहीं है। अगर उन्हें एआई नहीं आता, तो वे इसका इस्तेमाल न करें। आज हर जगह एआई का उपयोग हो रहा है। हम भी एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं और हमारे बच्चे भी स्कूलों में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी का जितना ज्यादा इस्तेमाल होगा, व्यवस्था उतनी ही पारदर्शी और मजबूत होगी।

## बिहार : जदयू के दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए सीएम नीतीश, भाजपा कार्यालय में भी जुटे नेता

**पटना (पी एम ए) बिहार में** मकर संक्रांति के मौके पर दही-चूड़ा भोज को लेकर सियासत जमकर हो रही है। इस बीच, बुधवार को जहां एक ओर जदयू के भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए, वहीं भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी किसान मोर्चा द्वारा आयोजित चूड़ा-दही भोज में बिहार सरकार के कई मंत्री और कार्यकर्ता पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मकर संक्रांति के अवसर पर पटना में पूर्व मंत्री एवं जदयू विधायक रत्नेश सादा के आवास पर जदयू द्वारा आयोजित दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। रत्नेश सादा ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विधायक श्याम रजक, विधायक शीला कुमारी, विधायक संतोष कुमार निराला, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

इधर, भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी 'कार्यकर्ता मिलन सह दही-चूड़ा भोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हैं। बता दें कि बिहार में कुछ लोग बुधवार को मकर संक्रांति मना रहे हैं जबकि कुछ लोग कल यानी गुरुवार को मनाएंगे। सियासी गलियारे में हालांकि चूड़ा-दही पार्टी पर सबकी नजरें हैं। इस बार मकर संक्रांति के अवसर पर चर्चा के केंद्र में राजद के अध्यक्ष लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के चूड़ा-दही भोज पर सबकी नजरें हैं। उन्होंने बुधवार को अपने आवास पर चूड़ा-दही महाभोज का आयोजन किया है। खास बात यह है कि उन्होंने इस भोज में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेताओं को आमंत्रित किया है।

## ऑपरेशन पवन में शामिल रहे शांति सैनिकों के योगदान को मान्यता : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (पी एम ए)** ऑपरेशन पवन में भारतीय सेनाओं ने अद्भुत साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। कई सैनिकों ने कर्तव्य की राह पर चलते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका साहस और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा होनी ही चाहिए। बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने वर्ष 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सद्भाव बनाए रखने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन पवन' में सर्वोच्च बलिदान दिया था। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, "आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को न केवल खुले मन से स्वीकार कर रही है, बल्कि उनके योगदान को हर स्तर पर मान्यता देने की प्रक्रिया भी चल रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जब 2015 में अपनी श्रीलंका यात्रा पर गए थे, तो उन्होंने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स मेमोरियल पर अपनी तरफ से भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। अब हम नई दिल्ली स्थित 'नेशनल वॉर मेमोरियल' पर भी इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के शांति सैनिकों के योगदान को पहचान प्रदान कर रहे हैं और उन्हें पूरा सम्मान भी दे रहे हैं।" राजनाथ सिंह ने कहा, "मैं आज से लगभग 40 साल पहले इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के रूप में श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए चलाए गए सैन्य अभियान में भाग लेने वाले सभी पूर्व सैनिकों का भी स्मरण करना चाहता हूं। श्रीलंका में भारतीय सेनाओं को भेजने का जो निर्णय तत्कालीन सरकार ने लिया था, उस पर बहस की गुंजाइश है, मगर 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के सैनिकों की जो उपेक्षा की गई, उसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। भारतीय सेना ने जो बलिदान और संघर्ष उस दौरान किया, उसका सम्मान किया जाना चाहिए था।" रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी सैनिक के लिए रिटायरमेंट बस एक शब्द होता है। असल मायने में कोई सैनिक कभी रिटायर नहीं होता। आप सब, जब सर्विस से रिटायर हुए, तो क्या आपकी सेवा समाप्त हो गई? बिल्कुल नहीं। आपकी वर्दी का रंग बदल सकता है, आपके काम करने की जगह बदल सकती है, आपके आसपास रहने वाले लोग बदल सकते हैं, लेकिन आपके दिल में देशभक्ति और सेवा की भावना वैसी की वैसी ही बनी रहती है।रक्षा मंत्री ने कहा, "पूरा देश हर क्षेत्र में आपके योगदान को देख रहा है, महसूस कर रहा है। हमारी सरकार का भी यह मानना है कि हमारे सैनिक और पूर्व सैनिक देश के मजबूत स्तंभ हैं। उनकी देखभाल करना, हमारा नैतिक और भावनात्मक कर्तव्य है। हमारी सरकार ने भी अपने पूर्व सैनिकों के लिए, बीते वर्षों में कई ठोस फैसले लिए हैं और आने वाले समय में भी यह सिलसिला रुकेगा नहीं। आज, सारा देश अपने पूर्व सैनिकों के योगदान का स्मरण करते हुए, उनके प्रति आभार की अभिव्यक्ति कर रहा है।" उन्होंने बताया कि लंबे समय से चली आ रही 'वन रैंक, वन पेंशन' की मांग को सरकार ने पूरी ईमानदारी से साकार किया। उस असमानता को खत्म करने का प्रयास किया गया, जिसे हमारे पूर्व सैनिक वर्षों से महसूस कर रहे थे। इस व्यवस्था के लागू होने से, पूर्व सैनिकों के जीवन में न केवल वित्तीय स्थिरता आई बल्कि यह भरोसा भी मजबूत हुआ कि देश उनके साथ न्याय करता है। रक्षामंत्री ने कहा कि आज, पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर, मैं सभी को, पूर्व सैनिकों को बधाई देता हूं। मैं इस अवसर पर आज, वीरगति प्राप्त हो चुके अपने सैनिकों के प्रति, देश सेवा में संलग्न रहे अपने पूर्व सैनिकों के प्रति, तथा अपने सैनिकों के प्रति, कृतज्ञ राष्ट्र की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी केवल सर्विस से रिटायर हुए एक सैनिक भर नहीं हैं, आप हमारी राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ, हमारे सामूहिक साहस के प्रतीक और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

# मकर संक्रांति पर्व पर तिथियों के भ्रम को दरकिनार कर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में लगाई डुबकी

## भोर से ही गंगातट पर स्नान के लिए पहुंचने लगे श्रद्धालु, भोर से लेकर दोपहर तक गंगा में स्नान जारी रहा



**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में मकर संक्रांति पर्व की तिथियों को लेकर भ्रम को दरकिनार कर लाखों श्रद्धालुओं ने बुधवार को पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया। परम्परागत रूप से पर्व (14 जनवरी) को मनाने वाले श्रद्धालु भोर से परिवार के साथ गंगा स्नान करने के लिए पहुंचने लगे। अलसुबह भगवान सूर्य के उदीयमान होने के साथ दिन चढ़ने तक स्नान - ध्यान का सिलसिला गंगा घाटों पर चलता रहा। दोपहर में भी यह सदशाश्वमेध घाट के तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी ने कहा कि इस साल मकर संक्रांति के दिन बुधवार को षटतिला एकादशी भी है। करीब 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब संक्रांति और एकादशी एक ही दिन हैं। यह संयोग बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दौरान किया गया स्नान, दान और पूजा शुभ फल देने वाला माना जाता है। उन्होंने बताया कि अपरान्ह 3 बजकर 7 मिनट पर सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना ही मकर संक्रांति कहलाता है। यह गोचर दोपहर बाद हो रहा है, इसलिए तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लेकिन गोचर के आधार पर मकर संक्रांति 14 जनवरी को मना सकते हैं जबकि स्नान-दान, पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए 15 जनवरी को अधिक शुभ माना जा रहा है। इसलिए श्रद्धालु दो दिन पर्व मना रहे हैं।

उन्होंने बताया कि स्नान पर्व पर काशीवासी और बाहर से आए श्रद्धालु गंगा स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद लेते हैं। इसी दिन पतंगबाजी भी होती है। पर्व के दिन गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस बल और महिला पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों से घाटों पर लगातार निगरानी की जा रही है। पर्व पर गंगा स्नान के बाद बच्चों और युवाओं ने गंगाघाटों से लेकर घर तक पतंगबाजी शुरू कर दी। बताते चलें इस साल मकर संक्रांति पर्व की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। कहीं 14 जनवरी को पर्व मनाने की बात हो रही है, तो कहीं 15 जनवरी को। अयोध्या में रामलला मंदिर के शिलान्यास और विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत निकालने वाले काशी के दिग्गज विद्वान पं. गणेश्वर द्राविड़ के अनुसार संक्रांति पुण्यकाल के विषय में गणेश आपा जी पंचाग एवं देशपांडे पंचाग में मकर संक्रांति पुण्यकाल 14 जनवरी को दिया गया है। इस भूल को लोग सुधार कर 15 जनवरी को दिन के पूर्वार्ध में मकरसंक्रांति निमित्त स्नान, दान, तर्पण , श्राद्ध पूजन आदि करें। भूल से हुई चूक को लोग सुधारने के लिए तैयार हैं। ऐसी स्थिति में उक्त पंचांगों को लेकर दुष्प्रचार एवं परिहास करना उचित नहीं है।

## सार संक्षेप

### मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या के मद्देनजर रूट डायवर्जन आज से, चर्चा कर अधिकारियों ने दिया अंतिम रूप



**प्रयागराज।**
विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज माघ मेला के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन के मद्देनजर मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति के पूर्व भारी वाहनों के रूट डायवर्जन आज से लागू हो गया है। इस संबंध में बुधवार को पुलिस आयुक्त जोगेन्दर कुमार सिंह और मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पड़ोसी जिलों एवं मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया।
पुलिस अधीक्षक माघ मेला प्रभारी नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि माघ मेला के दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या को लेकर आज पड़ोसी जिलों प्रतापगढ, कौशाम्बी, फतेहपुर, वाराणसी,चन्दौली, जौनपुर, रायबली, चित्रकूट, भदोही, बांदा, मिजार्पुर, अयोध्या, सुलतानपुर (उ.प्र.), सतना, रीवां, मउगंज (म.प्र.) के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों से अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज, पुलिस आयुक्त प्रयागराजङ्क मण्डलायुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षकङ्क प्रयागराज परिक्षेत्रङ्क अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था प्रयागराज, जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीयों के साथ चर्चा की गयी। इसमें जनपद वीडियो कानफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया और तय किया गया कि रूट डायवर्जन आज से प्रभावी होगा।

### पुलिस मुठभेड़ में औरैया का शातिर चोर गिरफ़्तार, गोली लगी



**फिरोजाबाद।**
उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में औरैया के आभूषण चोर को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद ने बुधवार को बताया कि 05 व 09 जनवरी 2026 को थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की जा रही थी।
उन्होंने बताया कि थाना रामगढ़ प्रभारी संजीव कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ मंगलवार देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि लालपुर मंडी के पास स्थित पटेल कारखाना के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति अपने साथियों का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो उसने फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ। जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की पहचान ऋषभ पुत्र राजबहादुर निवासी लहोखर थाना दिबियापुर जनपद औरेया के रुप में हुई है।
एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ऋषभ ने बताया कि मैंने अपने 04 अन्य साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनाँक 05 व 09 जनवरी को थाना रामगढ़ क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के अंजाम दिया था। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये 02 बिछुए, 02 तोडिया, 02 अंगूठी, 2400/- रुपए, 01 मोबाइल फोन एवं 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, एवं 01 लोहे की रॉड बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध फिरोजाबाद व औरैया में लाभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

### ऐतिहासिक धौंसा मंदिर के गोपाल सागर में भव्य दीपोत्सव

**महोबा।**
उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद स्थित धौंसा मंदिर के पास स्थित गोपाल सागर में मकर संक्रांति पर्व को लेकर मंगलवार की रात दीपदान का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर्षोंल्लास के साथ शामिल हुए दीपों की रोशनी से तालाब जगमग हो उठा है।
जनपद के कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक धौंसा मंदिर बुंदेलों की आस्था का केंद्र है।
मंदिर के महंत श्यामा शरण देवाचार्य ने बताया कि विभिन्न तीर्थ स्थलों से जल लाकर इस सरोवर में छोड़ा गया है। जिससे इस जल से स्नान करने मात्र से लोगों में नई ऊर्जा का एहसास होता है, और लोगों को बीमारी से भी छुटकारा मिलता है।

## रायबरेली में ब्रेक फेल होने से लोडर दीवार में टकराया , चालक और कंडक्टर की मौत

### गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र की घटना




**रायबरेली।**
उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली में तेज रफ़्तार लोडर बुधवार को अनियंत्रित होकर दीवार से जा भिड़ा। इस हादसे में लोडर चालक और कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और शवों को निकालने के लिए गैस कटर का सहारा लेना पड़ा।
गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र में देदौर गांव के पास तेज रफ्तार लोडर रायबरेली की ओर जा रहा था कि अचानक सामने से आ रहे एक ट्रक को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन वाहन का ब्रेक फेल हो गया। इसी बीच चलते लोडर का एक टायर भी अचानक बाहर निकल गया, जिससे वाहन पूरी तरह अनियंत्रित हो गया और सीधे सड़क किनारे स्थित एक पक्की दीवार से जा टकराया।
टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और पेट्रोल पंप कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। लोडर का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया था, जिसमें चालक और कंडक्टर बुरी तरह फंस गए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गुरबख्शगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत की। आखिरकार कटर से लोडर की बॉडी को काटकर दोनों घायलों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## किसानों को जैविक खेती करने में मददगार बन रहा ट्रैपिंग संयंत्र लाइट



**बस्ती।**
उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के किसानों को रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से बचाने व जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की दिशा में कृषि रक्षा विभाग ने बड़ी पहल की है। पहले चरण में जिले के 1 हजार 400 किसानों को लाइट ट्रैप संयंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।
इन पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। इस तकनीक से अब बिना दवाओं के ही फसलों में कीट नियंत्रण संभव होगा।
जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय को 1 हजार 400 कलर कोटेड लाइट टैप मशीन आया है। पहले चरण में प्रत्येक विकासखंड में सौ-सौ संयंत्र दिए जाएंगे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी रतन शंकर ओझा ने बताया कि एक एकड़ में दो लाइट ट्रैप संयंत्र लगाने से हानिकारक कीटों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## आजमगढ़ में घरेलू विवाद में बेटे की पीट-पीटकर हत्या, बहू और पोता भी घायल, माता–पिता समेत 5 हिरासत में

**आजमगढ़।**
उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अमिलो मोहल्ले में बीती रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई। घरेलू विवाद में परिजनों द्वारा अपने ही बेटे की बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने का आरोप लगा है, जबकि उसकी पत्नी और डेढ़ वर्षीय मासूम बेटे को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने परिवार के 5 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।
मुबारकपुर के अमिलो मोहल्ला निवासी मृतक की पत्नी शबाना बानो का आरोप है कि मंगलवार देर रात उसके पति मोहम्मद ताहिर के माता-पिता, भाई और अन्य परिजनों ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर ताहिर के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और लाठियों व अन्य तरीकों से बेरहमी से उसकी पिटाई की।
मारपीट के बाद गंभीर रूप से घायल ताहिर को घर के बाहर फेंक दिया गया। इस दौरान बीच-बचाव करने पर शबाना बानो और उनका डेढ़ वर्षीय पुत्र भी परिजनों की मारपीट का शिकार हो गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद शबाना बानो ने डायल 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहले मुबारकपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मोहम्मद ताहिर को बुधवार की तड़के मृत घोषित कर दिया।
वहीं इस मामले में सीओ सदर आस्था जायसवाल ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा पहले दहेज उत्पीड़न का दावा किया गया था, जिसके बाद मृतक के पिता ने अपने बेटे को बेदखल कर दिया था।
इसी को लेकर परिवार में आपसी कहासुनी और मारपीट हुई, जिसमें मोहम्मद ताहिर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले में परिवार के पांच सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और घटना की जांच जारी है।

## कानपुर में दुष्कर्म आरोपित दरोगा फरार, कानून व्यवस्था पर सवाल : अजय राय



**कानपुर।**
उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में एक दरोगा ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया। यही नहीं उसे भगाने के लिए पुलिस विभाग ने ही उसका साथ दिया। इसके अलावा दिखावे के लिए उस पर इनाम भी घोषित कर दिया गया। इससे यह साबित होता है कि यहां पर जंगल राज कायम है ओर योगी सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। यह बातें बुधवार को कानपुर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही।
सचेण्डी में बालिका से सामूहिक दुष्कर्म का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब यह बात प्रदेश स्तर तक पहुंच गई है। पुलिस ने जहां एक ओर घटना के एक आरोपित यू-ट्यूबर शिवबरन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि दूसरे आरोपित दरोगा अमित मौर्य को सस्पेंड कर दिया गया है। घटना के दूसरे दिन से वह फरार चल रहा है। जिस पर पचास हजार रुपये का इनाम भी घोषित है।
आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पीड़िता के परिजनों से मुलाकात करने जा रहे हैं। इससे पहले जाजमऊ पहुंचते ही पहले से मौजूद सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकताओं ने उन्हें रोक कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहा हूं।

## मीरजापुर में गोवंशों से लदा ट्रक नाले में पलटा, 13 गोवंश की मौत



**मीरजापुर।**
उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज-देवघाट मार्ग पर देवहट गांव स्थित टेसुआ नाला के पास बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। 34 गोवंशों को लादकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नाले में पलट गया। हादसे में 13 गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। 16 गोवंशों को सुरक्षित बचा लिया गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब सात बजे प्रयागराज की ओर से आ रहा ट्रक सामने पुलिस लिखी कार को देखकर अचानक असंतुलित हो गया। ट्रक ने कार को टक्कर मारते हुए पुलिया से नीचे नाले में गिर गया। टक्कर से वन विभाग की कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।
सूचना पर थाना प्रभारी ड्रमंडगंज भारत सुमन मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घायल गोवंशों के उपचार के लिए पशुपालन विभाग को बुलाया गया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमलेश कुमार की देखरेख में घायलों का इलाज कराया गया। सुरक्षित 16 गोवंशों को पुलिस व पशुपालन विभाग की टीम ने महोगढ़ी गो-आश्रय स्थल भेज दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ट्रक के बिहार का होने की जानकारी सामने आई है। बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है। घटना ने एक बार फिर गोतस्करी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


### डॉ. उपेन्द्र सिंह तोमर हॉकी पुरुष चैंपियनशिप के पर्यवेक्षक नियुक्त



**झांसी।**
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के मेजर ध्यान चंद शारीरिक शिक्षण संस्थान में कार्यरत सह आचार्य डॉ. उपेन्द्र सिंह तोमर को भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी पुरुष चैंपियनशिप का पर्यवेक्षक नामित किया है। उक्त प्रतियोगिता 12 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित की जा रही है।
उल्लेखनीय है कि डॉ. उपेन्द्र सिंह तोमर राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबाल खिलाड़ी हैं तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किये गये हैं।

## बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर तेज रफ़्तार ई-रिक्शा पेड़ से टकराया, चालक समेत एक ही परिवार के आठ लोग घायल

### बाराबंकी जिले के सतरिख थाना क्षेत्र में हुआ हादसा



**बाराबंकी।**
उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र के हैदरगढ़ मार्ग पर बुधवार की सुबह तेज रफ़्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। इसमें एक ही परिवार आठ लोग गंभीर घायल हो गए। रफ्तार इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए ।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर गोविंद फैक्ट्री के सामने ई-रिक्शा तेज गति से आ रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से ई-रिक्शा सीधे पेड़ से टकरा गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। हादसे में घायल होने वालों में जैदपुर थाना क्षेत्र के बोजा गांव निवासी ममता मौर्या (38 वर्ष) पत्नी पवन कुमार मौर्या, सलोनी मौर्या (25 वर्ष) पत्नी परिक्रमा मौर्या, प्रीति (30 वर्ष) पत्नी विनय कुमार, सरस्वती (56 वर्ष) पत्नी कमलेश मौर्या, निधि मौर्या (25 वर्ष) पुत्री राजेश कुमार, कल्पना मौर्या पुत्री सुनील मौर्या, गीता देवी (40 वर्ष) पत्नी शिव कुमार तथा ई-रिक्शा चालक प्रीतम (23 वर्ष) शामिल है। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पीआरवी संख्या 6520 मौके पर पहुंची और पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर भिजवाया।

### बीएचयू की शोध छात्रा गुनिया यादव को सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र से सम्मानित किया गया

**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग की शोध छात्रा गुनिया यादव को सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र (नमिता जोशी स्वर्ण पदक) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारतीय पुरातत्व सोसाइटी, भारतीय प्रागैतिहासिक एवं चतुर्थक अध्ययन सोसाइटी तथा इतिहास और संस्कृति सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया।



## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 7 पैसे की गिरावट के साथ ही 98.24 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 90.22 पर पहुंच गया। आज अमेरिकी डॉलर की मजबूती, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के कारण भी रुपया नीचे आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.24 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सत्र में इसमें हल्की मजबूती जरूर देखने को मिली, लेकिन यह 90.22 के स्तर तक ही सीमित रही, जो पिछले बंद भाव की तुलना में पांच पैसे की गिरावट को दिखाता है। इससे पहले सोमवार को रुपया 90.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 98.73 पर बना रहा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक संकेतों के चलते निकट भविष्य में रुपये में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

## इंडिगो की न्यू ईयर सेल, घरेलू फ्लाइट 1,499 से शुरू




**नई दिल्ली ।**

इंडिगो ने मंगलवार को अपनी न्यू ईयर सेल की घोषणा की है। यह सेल 13 जनवरी से 16 जनवरी तक चलेगी। सेल के तहत घरेलू मार्गों पर सभी कर और शुल्क शामिल 1,499 रुपए से टिकट उपलब्ध होंगे। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर किराया 4,499 रुपए से शुरू होगा, जिससे यात्रियों को सस्ती फ्लाइट का लाभ मिलेगा। इंडिगो ने यह भी बताया कि चुनिंदा 6ई एडऑन पर 70 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसमें अतिरिक्त सेवाएं जैसे सीट चयन और अतिरिक्त बैगेज शामिल हो सकते हैं। यात्री इस सीमित अवधि में बुकिंग कर अपनी यात्रा को किफायती बना सकते हैं।

## एचसीएल टेक्नॉलजीज का मुनाफा घटा, राजस्व में बढ़त जारी

**नई दिल्ली ।**

भारत की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नॉलजीज का तीसरी` तिमाही का मुनाफा 4,076 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 11.1 फीसदी कम है। कंपनी ने बताया कि नवंबर में लागू नई श्रम संहिता के तहत कर्मचारी लाभों के लिए 956 करोड़ रुपए अलग रखना पड़ा, जिससे मुनाफा प्रभावित हुआ। कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 13.3 फीसदी बढ़कर 33,872 करोड़ रुपए हुआ। वित्तीय सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्रों से मदद मिली। स्थिर मुद्रा आधार पर राजस्व में 8.1 फीसदी की वृद्धि रही और तिमाही आधार पर 6 फीसदी का सुधार हुआ। राजस्व बाजार अनुमान से बेहतर रहा, जबकि मुनाफा उम्मीद से कम रहा। एचसीएल अब स्थिर मुद्रा में 4-4.5 फीसदी वृद्धि की उम्मीद कर रही है। सेवाओं से राजस्व में 4.75-5.25 फीसदी की बढ़त अनुमानित है।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2025 में 4 लाख करोड़ के पार:केंद्रीय मंत्री वैष्णव

### देश का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन लगभग 11.3 लाख करोड़ और निर्यात 3.3 लाख करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2025 में चार लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में देश का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन लगभग 11.3 लाख करोड़ रुपये और निर्यात करीब 3.3 लाख करोड़ रुपये रहा। मंत्री ने कहा कि चार नए सेमीकंडक्टर संयंत्रों के उत्पादन शुरू होने के बाद 2026 में निर्यात में और वृद्धि होने की उम्मीद है। देश के इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में मोबाइल फोन का दबदबा है। 2024-25 में मोबाइल फोन का उत्पादन 5.5 लाख करोड़ रुपये और निर्यात लगभग 2 लाख करोड़ रुपये रहा। उद्योग निकाय इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुसार, 2025-26 के अंत तक मोबाइल फोन का उत्पादन 75 अरब अमेरिकी डॉलर (6.76 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 30 अरब अमेरिकी डॉलर (2.7 लाख करोड़ रुपये) का निर्यात शामिल है। मंत्री ने बताया कि भारत से आईफोन का निर्यात 2025 में 2.03 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 2024 में 1.1 लाख करोड़ रुपये था। काउंटरपॉइंट के एक प्रमुख अधिकारी के अनुसार एप्पल ने भारत में अपने विनिर्माण का विस्तार कर निर्यात को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाया है। भारत में उत्पादित हर चार स्मार्टफोन में से एक का निर्यात किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में लगभग 25 लाख लोग कार्यरत हैं। निर्यात और उत्पादन ने रोजगार सृजन के साथ-साथ विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी मदद की। एप्पल की प्रीमियम और सुपर-प्रीमियम श्रेणियों में अग्रणी स्थिति ने देश के स्मार्टफोन बाजार की वृद्धि को गति



दी है। 2026 में सेमीकंडक्टर संयंत्रों के उत्पादन शुरू होने से निर्यात और उत्पादन में और वृद्धि की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल बाजार में स्थिति और मजबूत होगी।

## टीसीएस का मुनाफा घटा, राजस्व अनुमान से बेहतर

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में आय के मोर्चे पर विश्लेषकों के अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन मुनाफे में गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का शुद्ध मुनाफा साल-दर-साल आधार पर 13.9 फीसदी घटकर 10,657 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 12,380 करोड़ रुपये था।

सितंबर तिमाही के मुकाबले मुनाफे में 11.7 फीसदी की कमी आई है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में टीसीएस की कुल आय 4.8 फीसदी बढ़कर 67,087 करोड़ रुपये रही। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर आय में 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह आंकड़ा ब्लूमबर्ग के 66,849 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक रहा, हालांकि मुनाफा अनुमानित 13,005 करोड़ रुपये से कम रहा। भौगोलिक स्तर पर उत्तर अमेरिका में आय 0.1 फीसदी और लैटिन अमेरिका में 4.6 फीसदी बढ़ी। यूरोप में 2.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि ब्रिटेन में आय 1.9 फीसदी घटी। स्थिर मुद्रा आधार पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुल वृद्धि महज 0.5 फीसदी रही।

## कार बाजार में काले रंग की हिस्सेदारी बढ़ी, सफेद रंग के कारों की घटी

### 2021 में सफेद वाहनों की हिस्सेदारी 43.9 थी, जो 2025 तक घटकर 40.7 फीसदी रह गई

**नई दिल्ली ।**




कार बाजार में काले रंग के कारों के प्रेति लोगों का रुझान बढता जा रहा है वहीं सफेद रंग की कारों का रुझान युवाओं में घटता जा रहा है। एक वैश्विक ऑटोमोटिव डेटा, विश्लेषण और इंटेलिजेंस कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में सफेद वाहनों की हिस्सेदारी 43.9 फीसदी थी, जो 2025 तक घटकर 40.7 फीसदी रह गई। हालांकि, चमक और व्यावहारिक लाभों के कारण यह अभी भी खरीदारों में सबसे पसंदीदा रंग बना हुआ है। वहीं काले रंग की कारों की हिस्सेदारी 2021 में 14.8 फीसदी से बढ़कर 2025 में 20.76 फीसदी हो गई है। मारुति सुजूकी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि युवा पीढ़ी और जेन ज़ी में काले रंग की मांग वाहन उद्योग के औसत से अधिक रही। टाटा मोटर्स के एक अधिकारी ने बताया कि अब खरीदार व्यक्तिगत पसंद और जीवनशैली पर ध्यान दे रहे हैं। गहरे रंग आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और स्टेटस का प्रतीक बन गए हैं, जबकि सफेद रंग अपनी व्यावहारिकता और रीसेल वैल्यू की वजह से शीर्ष पर बना हुआ है। भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2025 में 45.6 लाख रही, जो 5.06 फीसदी सालाना वृद्धि दर्शाती है। अधिकांश बढ़ोतरी जीएसटी दरों में कटौती के बाद अंतिम तिमाही में हुई।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद
# सेंसेक्स 250 अंक , निफ्टी 57 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 250.48 अंक टूटकर 83,627.69 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.95 अंक फिसलकर 25,732.30 पर बंद हुआ। बाजार को हालांकि पीएसयू बैंकों ने सहारा दिया। निफ्टी पीएसयू बैंक , निफ्टी मीडिया, निफ्टी आईटी, निफ्टी सर्विसेज , निफ्टी मेटल बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी इंडिया डिफेंस , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी फार्मा गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला कारोबार हुआ। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे जबकि ट्रेंट, एलएंडटी, इंडिगो, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बीईएल, एक्सिस बैंक, भारतीय एयरटेल, एचयूएल, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील नुकसान में रहे। माना जा रहा है कि ईरान के साथ ट्रेड करने वाले देशों पर संभावित अमेरिकी टैरिफ को लेकर नई चिंताओं के कारण घरेलू बाजार में गिरावट आई। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। हालांकि, शुरुआती बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी। कुछ ही देर में मुनाफावसूली और नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते यह गिरावट में आ गया। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स195.79 अंक की गिरावट




के साथ 83,682.38 अंक पर वहीं निफ्टी भी 25,897 के स्तर पर मजबूत शुरुआत करने के बाद फिसल गया। सुबह खुलने के बाद निफ्टी 60.40 अंक टूटकर 25,729.85 पर ट्रेड करता दिखा। वहीं एशियाई शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। निवेशकों ने ईरान और वेनेजुएला में भू-राजनीतिक तनावों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के खिलाफ आपराधिक जांच को फिलहाल नजरअंदाज किया। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.54 फीसदी बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.32 फीसदी चढ़ा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.04 फीसदी ऊपर रहा। जापान का निक्केई 3.22 फीसदी उछल गया। वॉल स्ट्रीट पर भी मजबूती रही। एसएंडपी 500 और डाउ जोंस रातों-रात नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.16 फीसदी, डाउ जोंस में 0.17 फीसदी और नैस्डैक में 0.26 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

# दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़ी

### वाहनों की बढ़ोतरी में विशेष योगदान यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग का रहा

**नई दिल्ली ।**

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,99,216 इकाई रही, जो पिछले साल दिसंबर में दर्ज 3,14,934 इकाई की तुलना में 26.8 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। इस बढ़ोतरी में विशेष योगदान यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग का रहा।` सियाम ने कहा कि इस सेगमेंट में बिक्री में सुधार उद्योग की चौथी तिमाही की मजबूत गति का संकेत देता है। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री दिसंबर 2025 में 15,41,036 इकाई रही, जो पिछले साल 11,05,565 इकाई की तुलना में 39 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि है। वहीं तिपहिया वाहनों की बिक्री 61,924 इकाई दर्ज की गई, जो पिछले साल 52,733 इकाई से 17 फीसदी अधिक है।` सियाम ने बताया कि सभी वाहन खंडों में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि ने उद्योग की वर्ष के अंत की स्थिति को सकारात्मक बना दिया है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना हैकि भू-राजनीतिक घटनाओं के बावजूद, वित्त वर्ष 2025-26 सकारात्मक वृद्धि के साथ समाप्त होने की उम्मीद है। नीतिगत समर्थन और पिछले वर्षों के मजबूत प्रदर्शन की वजह से उद्योग के पास स्थिर वृद्धि बनाए रखने के पर्याप्त अवसर हैं।` सियाम ने यह भी उल्लेख किया कि चौथी तिमाही के



दौरान थोक और खुदरा बिक्री में स्थिर और मजबूत वृद्धि की संभावना बनी हुई है।

## महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव के चलते 15 जनवरी को शेयर बाजार बंद रहेंगे

**मुंबई ।**





महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों के चलते 15 जनवरी को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे। इस` दिन बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंजों पर कोई ट्रेडिंग नहीं होगी। पहले यह दिन केवल सेटलमेंट हॉलिडे था, लेकिन अब नए सर्कुलर के अनुसार पूरे कैपिटल मार्केट सेगमेंट में छुट्टी घोषित की गई है। इस दिन इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग, करेंसी और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स एवं कमोडिटी डेरिवेटिव्स में केवल सुबह का सत्र रद्द रहेगा। शेयर बाजार 2026 में कई अवसरों पर बंद रहेगा, जिनमें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), होली (3 मार्च), श्री राम नवमी (26 मार्च), गुड फ्राइडे (3 अप्रैल), महाराष्ट्र दिवस (1 मई), गणेश चतुर्थी (14 सितंबर), दशहरा (20 अक्टूबर), दीवाली बलिप्रतिपदा (10 नवंबर) और क्रिसमस (25 दिसंबर) शामिल हैं। इसके अलावा सप्ताहांत यानी शनिवार और रविवार पर भी नियमित ट्रेडिंग नहीं होती।

# अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका में खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं और एआई सहयोग पर जोर दिया

### वैष्णव ने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा आयोजित खनिज आपूर्ति श्रृंखला मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया

**नई दिल्ली ।**

रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। उन्होंने भारत की विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षमता को मजबूत करने के लिए खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को आवश्यक बताया। वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में अमेरिका सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोपीय संघ, फ्रांस और जर्मनी के वित्त मंत्री और उच्च अधिकारी मौजूद थे। अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रों को विवेकपूर्ण जोखिम-निवारण उपाय अपनाकर आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियों को दूर करना चाहिए। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने भी यह स्पष्ट किया कि उन्होंने पहले से किए गए निवेशों और योजनाओं के माध्यम से मजबूत, सुरक्षित और विविध



आपूर्ति श्रृंखला बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस दौरान वैष्णव ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय के निदेशक माइकल क्रैट्सियोस और भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा से मुलाकात की। बैठक में भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पेक्ट से मिट पर चर्चा हुई।

## देश की खुदरा महंगाई दिसंबर में बढ़ी, फिर भी आरबीआई की सीमा के नीचे

### कम महंगाई का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट रही

**नई दिल्ली ।**

दिसंबर में देश की खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो नवंबर में 0.7 प्रतिशत थी। यह बीते तीन महीनों का उच्चतम स्तर माना जा रहा है। हालांकि, यह अभी भी भारतीय रिज़र्व बैंक की निचली सहनशील सीमा 2 प्रतिशत से नीचे है। साल 2025 में औसतन महंगाई दर लगभग 2.2 प्रतिशत रही, जो पिछले एक दशक में सबसे कम स्तरों में से एक है। इस कम महंगाई का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट रही। दिसंबर में खाद्य महंगाई लगातार सातवें महीने नकारात्मक रही, लेकिन -3.9 प्रतिशत से -2.71 प्रतिशत पर सुधरी। अनाज में 51 महीनों के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई। सब्जियां और दालें लगातार 11वें महीने सस्ती रहीं, जबकि तेल और फलों की कीमतें भी कई महीनों के निचले स्तर पर रहीं। खाद्य और ईंधन को छोड़कर कोर महंगाई दिसंबर में 4.8 प्रतिशत तक बढ़ गई, जो 28 महीनों का उच्चतम स्तर है। यदि सोना-चांदी को हटाया जाए, तो कोर महंगाई 2.4 प्रतिशत पर स्थिर है। पर्सनल केयर महंगाई 28 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि घरेलू सामान, स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्रों में महंगाई कई सालों के निचले स्तर पर है।

जनवरी 2026 से नया 2024 आधार वर्ष लागू होगा, जिसमें गैर-खाद्य वस्तुओं का वज़न बढ़ाया गया है। इससे महंगाई आंकड़ों में बदलाव आने की संभावना है। मौद्रिक नीति पर असर की बात करें तो, महंगाई लक्ष्य से नीचे और कोर दबाव सीमित रहने के कारण आरबीआई की फरवरी बैठक में 25 बेसिस प्वाइंट दर कटौती की संभावना बढ़ गई है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञ नए सीपीआई और जीडीपी डेटा का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि आने वाले महीनों में महंगाई में हल्की बढ़त देखने को मिल सकती है।

## ग्राहकों की पहली पसंद बने रहने का रिकॉर्ड कायम रखा स्कार्पियो ने



**नई दिल्ली ।**

अपने मजबूत लुक, दमदार इंजन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के चलते महिंद्र की स्कॉर्पियो ने साल 2025 में भी ग्राहकों की पहली पसंद बने रहने का रिकॉर्ड कायम रखा। दिसंबर 2025 में इस एसयूवी की करीब 16 हजार यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई, जिसके साथ स्कॉर्पियो ने उस महीने टॉप सेलिंग एसयूवी का स्थान हासिल किया। जनवरी से दिसंबर 2025 के पूरे साल की बात करें तो महिंद्रा स्कॉर्पियो की कुल 1,76,988 यूनिट्स बिकीं। यह आंकड़ा कंपनी के किसी भी दूसरे मॉडल से ज्यादा है। बिक्री के मामले में स्कॉर्पियो ने थार, बोलेरो और एक्सयूवी 3गुणाह्न जैसी लोकप्रिय एसयूवीएस को भी पीछे छोड़ दिया। इससे साफ है कि भारतीय ग्राहकों के बीच स्कॉर्पियो की मांग लगातार बनी हुई है। महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक अपने दमदार और पहचान वाले डिजाइन के लिए जानी जाती है। इसमें सिग्नेचर टॉवरिंग बोनट, नए डुअल-टोन बंपर, एलईडी डीआरएलएस, नई ग्रिल और रिफ्रेश्ड अलॉय व्हील्स जैसे अपडेट्स मिलते हैं। केबिन के अंदर 9-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, ब्लूटूथ और यूएसबी कनेक्टिविटी, स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल्स, रिमोट कीलेस एंट्री और ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

सेफ्टी के लिहाज से इसमें डुअल एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, रियर पार्किंग सेंसर, स्पीड अलर्ट और सीटबेल्ट रिमाइंडर जैसे फीचर्स मिलते हैं।

महिंद्रा स्कॉर्पियो की एक्स-शोरूम कीमत 12.98 लाख से 16.70 लाख रुपये के बीच है। ऊंची सीटिंग पोजिशन और स्पेशियस केबिन इसे फैमिली के लिए भी उपयुक्त बनाते हैं। पावरट्रेन की बात करें तो इसमें 2.2-लीटर एमहॉक डीजल इंजन दिया गया है, जो 130बीएचपी की पावर और 300एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आता है।

## मुकेश अंबानी ने गुजरात में की रिलायंस के पांच बड़े कमिटमेंट्स की घोषणा

### 5 साल में 7 लाख करोड़ का निवेश करेगी रिलायंस



**मुंबई ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में गुजरात के लिए पांच महत्वपूर्ण कमिटमेंट्स की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल में रिलायंस ने राज्य में 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अगले पांच साल में इसे 7 लाख करोड़ रुपये तक दोगुना किया जाएगा। इस निवेश का उद्देश्य बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करना और लोगों की आजीविका को मजबूत करना है। मुकेश अंबानी ने बताया कि जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें सोलर पावर, एनर्जी स्टोरेज, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन फर्टिलाइजर, सस्टेनेबल एविएशन और एडवांस्ड मटीरियल्स शामिल होंगे। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जामनगर को भारत का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी और ग्रीन मटीरियल्स एक्सपोर्ट हब बनाना है। रिलायंस कच्छ में मल्टी-गीगावॉट, यूटिलिटी-स्केल सोलर प्रोजेक्ट विकसित करेगा। यह प्रोजेक्ट चौबीसों घंटे क्लीन पावर सप्लाई के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसे दुनिया की सबसे बड़ी क्लीन एनर्जी परियोजनाओं में से एक बताया गया है। जामनगर में भारत का सबसे बड़ा एआई-रेडी डेटा सेंटर बनाया जाएगा।` जियो लॉन्च करेगा पीपल-फर्स्ट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, जो भारत और दुनिया के लिए काम करेगा। इसका उद्देश्य हर भारतीय को अपनी भाषा और डिवाइस पर एआई सेवाओं का उपयोग करने का अवसर देना है। रिलायंस फाउंडेशन प्रधानमंत्री के 2036 ओलंपिक को अहमदाबाद लाने के विजन को समर्थन देगा। नारणपुरा में वीर सावरकर मल्टी-स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जामनगर में वर्ल्ड-क्लास अस्पताल और रिलायंस स्कूल नेटवर्क का विस्तार भी योजना में शामिल है।


देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड 14 नंबर वीकेआई सीकर रोड जयपुर राजस्थान मोबाइल नंबर 701499 7449/ 7878970109 deshkadarpannews.@gmail.com website - www.deshkadarpannews.co/www.deshkadarpannews.com